नई दिल्ली, शुक्रवार 16 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 274
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21.0
न्यून. 7.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 नीरज ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रम रवाना


# युद्ध नशे विरुद्ध 2.0

## दूसरे चरण की शुरुआत



स.भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

## पिंडां दे पहरेदार

पंजाब का हर व्यक्ति अब बन सकता है अपने गाँव और समाज का रक्षक

### पिंडां दे पहरेदार की भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ

- जहाँ नशा बेचा या सप्लाई किया जाता है, उसकी सूचना देना
- यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो उसे नज़दीकी नशा मुक्ति केंद्र (ओ.ओ.ए.टी केंद्र) लेकर जाना

## फेज 1: 300 दिन में असल नतीजे

- **29,978 एफ.आई.आर** एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज
- **43,276 गिरफ्तारियाँ** राज्यभर में
- **30,595 किलोग्राम** नशा ज़ब्त

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

### गिरोह कानून प्रवर्तन एजेंसियों का रूप धारण कर लोगों को दे रहा था धोखा

# डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ से ज्यादा की ठगी में पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट ने एक अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह कानून प्रवर्तन एजेंसियों का रूप धारण कर लोगों को धोखा दे रहा था और उन्हें डिजिटल अरेस्ट के बहाने धमकाता था।

इस ऑपरेशन में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से पांच आरोपियों पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। जांच में एक सुनियोजित नेटवर्क का खुलासा हुआ जो व्यवस्थित साइबर धोखाधड़ी में शामिल था। फंड निकालने के लिए उन्नत डिजिटल उपकरणों और फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल बड़े स्तर पर किया जा रहा था। गत वर्ष इन्होंने एक बुजुर्ग व्यक्ति से दो करोड़ से ज्यादा की ठगी को अंजाम दिया था। डीसीपी विनीत कुमार पुलिस के अनुसार पीड़ित (78) को



लखनऊ पुलिस मुख्यालय से 'सुमित मिश्रा' नाम के एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसे मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित दो लंबित गिरफ्तारी वारंट के बारे में बताया। पीड़ित की उम्र ज्यादा होने और स्टेशन जाने में असमर्थता के कारण धोखेबाजों ने डिजिटल अरेस्ट प्रक्रिया शुरू की और एक फर्जी गिरफ्तारी केस नंबर दिखाया। इसके बाद 'प्रेम कुमार गौतम' नाम के एक दूसरे कॉलर ने पीड़ित से संपर्क किया। यह आरोप लगाते हुए कि उसके आधार कार्ड का दुरुपयोग किया गया है और उसकी संपत्ति जिसमें नकदी और संपत्ति का विवरण शामिल था का पूरा खुलासा करने की मांग की। पीड़ित ने उन्हें सारी डिटेल्स दे दी।

डर पैदा करने और 'अनुपालन' सुनिश्चित करने के लिए शिकायतकर्ता को चौबीसों घंटे व्हाट्सएप वीडियो निगरानी में रखा गया और उसे घर से बाहर न निकलने या किसी से संपर्क न करने का निर्देश दिया गया। आरोपियों ने एक फर्जी सीबीआई कार्यालय सेटअप बनाकर और एक वकील के रूप में पेश होने वाले व्यक्ति को दिखाकर पीड़ित पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालकर धमकी को और बढ़ा दिया। लगातार धमकी और दबाव के चलते शिकायतकर्ता को 26 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 के बीच विभिन्न खातों में 2 करोड़ 19 लाख 18 हजार रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया। 5 दिसंबर 2025 को आईएफएसओ द्वारा ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। टीम ने फर्जीवाड़े में शामिल कथित बैंक खातों की जानकारी हासिल की और उनका विश्लेषण किया।

आरोपियों में से एक दीपेश पाटीदार (30) को बड़वानी एमपी से ट्रेस किया गया, जिसके खाते में पीड़ित के खाते से 1 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद एक और आरोपी अंशुल राठौड़ (28) को भी बड़वानी से गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में जबलपुर, इंदौर, प्रयागराज, झांसी और लखनऊ में लगातार छापेमारी के आधार पर तीन आरोपियों श्याम बाबू गुप्ता (36), राघवेंद्र वर्मा (25) और देवेश सिंह (25) को लखनऊ के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। इन्होंने बैंक खाता दिलाने में मदद की थी और धोखे से मिले पैसे को कई खातों में ट्रांसफर किया था।

## पुलिस मुख्यालय में हुई अंतर राज्य समन्वय बैठक

■ पुलिस कमिश्नर ने की बैठक की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह से पहले विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत करने समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में एक अंतर-राज्य समन्वय बैठक आयोजित की गई। पुलिस कमिश्नर सतीश गोलछा द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई। इसमें हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय खुफिया/प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इनके अलावा दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी ट्रैफिक, लॉ एंड ऑर्डर(जोन-1 और 2), क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल, इंटेलिजेंस और प्रोटेक्टिव सिक्योरिटी डिवीजन। रेंज ज्वाइंट सीपी, सिक्योरिटी, ट्रैफिक, आईएफएसओ और जिलों, आईजीआई, रेलवे और मेट्रो डीसीपी ने भी बैठक में मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने खुफिया जानकारी और आतंकवाद विरोधी उपायों, जिसमें सीमा जांच, संदिग्ध तत्वों का सत्यापन आदि शामिल हैं साझा किए। खुले क्षेत्रों से पैराग्लाइडर, ड्रोन और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं की आवाजाही से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। किसी भी संदिग्ध तत्वों वाहनों की आवाजाही के बारे में अग्रिम जानकारी पर जोर दिया गया। एनसीआर में सक्रिय अंतर-राज्य गिरोहों और अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की आपूर्ति से संबंधित घटनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान यातायात प्रतिबंधों और सीमाओं पर अनधिकृत घुसपैठ को रोकने के लिए कदम उठाने की योजना बनाई गई है।

## गैरकानूनी हथियार रखने के आरोप में युवक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ एक तमंचा और पांच कारतूस किए बरामद

मध्य जिला पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस रखने के आरोप में 24 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सागर बब्बर झंडेवालान का रहने वाला है और उसे मोतिया खान इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस हथियार के सोर्स का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति के पास हथियार है और वह नबी करीम इलाके में किसी को निशाना बनाने की फिराक में है। इसके बाद ट्रैप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और पांच कारतूस बरामद किए। गिरफ्तारी के समय तमंचे में गोली भरी हुई थी। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि बब्बर को उसके एक साथी ने हथियार मुहैया कराया था, जो फिलहाल फरार है। उसकी तलाश जारी है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 05/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: इज्जतनगर डिवीजन के रामपुर–लालकुआं अनुभाग में फ्लैश बट वेल्डिंग का उपयोग करते हुए टी.आर.आर. (पी.)–57.6 ट्रैक किमी. एवं टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस.)–19 सेट का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 9,97,70,200.85, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 6,48,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरण: बरेली सिटी स्टेशन पर 12 क्रू रूम के साथ रनिंग रूम का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 1,94,42,365.84, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,47,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 06-02-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि / डब्लू-415 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो खिलौना-पैकिंग के कारोबार की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे थे। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह ने पिछले एक वर्ष में ओडिशा से दिल्ली तक पांच कुंतल से अधिक गांजे की तस्करी की है। पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के खिचड़ीपुर निवासी



सोनू (30), पश्चिमी दिल्ली के ज्वालापुरी निवासी और कथित सरगना अजीत (41) तथा ओडिशा निवासी रुद्रप्रताप सुआर उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है। अजीत ने निहाल विहार में स्थित अपने खिलौना-पैकिंग व्यवसाय का इस्तेमाल मादक पदार्थों को रखने और उसकी तस्करी के लिए किया। गांजे को काजू के नाम से चिह्नित डिब्बों में छिपाकर कूरियर सेवाओं के जरिये भेजा जाता था। पुलिस

■ सरगना समेत तीन लोग गिरफ्तार

द्वारा यह कार्रवाई 24 दिसंबर को मिली एक गुप्त सूचना के बाद की गई। जानकारी मिली थी कि सोनू और अजीत मंगोलपुरी इलाके में गांजे की एक खेप लेने के लिए आने वाले हैं। इसके बाद एक छापेमारी दल का गठन किया गया और निगरानी शुरू की गई। रात करीब आठ बजकर 40 मिनट पर दो लोग अलग-अलग स्कूटी पर पहुंचे और कार्टन इधर-उधर करते दिखे। दोनों की तलाशी के दौरान तीन कार्टन बरामद किए गए, जिनमें प्रत्येक में 15 पैकेट थे। एफएसएल टीम द्वारा जांच किए जाने पर इनमें कुल 47.34 किलोग्राम गांजा पाया गया। मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अजीत ने खुलासा किया कि यह खेप ओडिशा से पप्पू सुआर नामक आपूर्तिकर्ता ने भेजी थी। इसके बाद पुलिस हिरासत के दौरान अजीत को ओडिशा ले जाया गया, जहां सात डिब्बों की एक और खेप कूरियर सेवा के माध्यम से दिल्ली भेजी गई थी।

इस सूचना के आधार पर पुलिस ने दिल्ली स्थित एक कूरियर कार्यालय में छापा मारकर अतिरिक्त 118.4 किलोग्राम गांजा बरामद किया, जिससे कुल जब्ती 165.74 किलोग्राम हो गई। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान ओडिशा के पुरी में मुख्य आपूर्तिकर्ता रुद्रप्रताप सुआर उर्फ पप्पू को करीब तीन सप्ताह की निगरानी के बाद गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विपिन, पुत्रः वीरपाल, पताः के–ब्लॉक, रामा विहार, दिल्ली–81** ने **FIR No. 112/2018, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विपिन** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विपिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 112/2018, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **विपिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री शगुन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**उत्तर पश्चिम, कमरा नं. 109, पहली मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/477/RD/2026**

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े दो शूटर एनकाउंटर में पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ रंगदारी के लिये फायरिंग के दो मामलों में थे वांछित

उत्तरी जिला पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े दो शूटरों को एनकाउंटर के बाद दबोच लिया। दोनों बदमाशों पर राजधानी में हाल ही में हुई गोलीबारी की दो घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात दो अलग-अलग जगहों पर गोलीबारी की थी। पकड़े गए आरोपियों में से एक नाबालिग है और दूसरे की पहचान दीपक के रूप में हुई है।

डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार उत्तरी दिल्ली के एंटी नारकोटिक्स सेल को हिरनकी मोड़ के पास उक्त दोनों व्यक्ति की मौजदगी की सूचना मिली थी जिसके बाद उन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई, तो आरोपियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान आरोपी दीपक के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उसके साथी को मौके से ही पकड़ लिया गया। उस दौरान एक कांस्टेबल को भी गोली लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से उनकी जान बच गई। पुलिस ने यह भी बताया कि शूटरों के पास से दो पिस्तौल और कारतूस जब्त किए गए हैं। दोनों जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी सहयोगी रणदीप मलिक सहित विदेश में बैठे दूसरे गैंगस्टरों के संपर्क में थे। नाबालिग को गोलीबारी को अंजाम देने के लिए कथित रूप से दो लाख रुपये का वादा किया गया था, जिसमें से 47 हजार रुपये उसकी मां के बैंक खाते में जमा कर दिए गए थे। दोनों व्यक्ति हाल में पश्चिम विहार के एक जिम में हुई गोलीबारी और पूर्वी दिल्ली के विनोद नगर में एक व्यापारी पर हुए हमले में शामिल थे, जहां जबरन वसूली के लिए दोनों ने गोली चलाई थी।

### चाकू मारकर हत्या केस में तीन नाबालिग दबोचे

नई दिल्ली। आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के बवाना मर्डर केस में तीन नाबालिगों पकड़ा गया है। बाकी संदिग्धों का पता लगाने के लिए स्पेशल टीमें तैनात की गई है। आरोपियों ने नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना एरिया के बवाना छट घाट के पास वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम लगभग 6:30 बजे, छट घाट, जी-18 ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना के पास चाकूबाजी की घटना के बारे में जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिसकर्मियों को घटनास्थल पर खून के धब्बे मिले और पता चला कि घायल रंजन उर्फ गोप्पा (22) को उसके दोस्त अस्पताल ले गए थे। महर्षि वाल्मीकि अस्पताल, पूठ खुर्द में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवाया गया है। घटना के बाद क्राइम टीम और एफएसएल टीम को भी फॉरेंसिक जांच के लिए घटनास्थल पर बुलाया गया। घटनास्थल की फोटोग्राफी और खून से सना चाकू और खून के सैंपल सहित महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठा किए गए। मृतक के भाई राजा की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। टेक्निकल सर्विलांस और स्थानीय खुफिया जानकारी के संयोजन से टीम ने संदिग्धों की पहचान की। उनके आने-जाने और छिपने की जगहों पर नजर रखने के बाद तीन नाबालिगों (15, 17 और 17) को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया।

## घोषित बदमाश की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले के कल्याणपुरी थाना इलाके में एक घोषित बदमाश की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक शख्स के शरीर पर चाकू के कई निशान पाये गये है। मृतक की पहचान मुकेश (40) के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया है।

मृतक पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। कल्याणपुरी पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि कल्याणपुरी थाने का बीट कांस्टेबल रात करीब 11 बजे इलाके में गश्त कर रहा था। इसी दौरान उसने 18 ब्लॉक, कल्याणपुरी में एक पब्लिक टॉयलेट के पास चाकू के घावों के साथ एक शख्स को पड़ा देखा। बीट कांस्टेबल उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई। मुकेश, कल्याणपुरी इलाके में परिवार के साथ रहता था। जांच में पुलिस को पता चला कि मुकेश, कल्याणपुरी थाने का घोषित बदमाश था और उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उधर, मामले की सूचना मिलते ही मौके पर क्राइम व एफएसएल की कई टीमें पहुंच गई।

टीमों ने निरीक्षण के बाद साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वह चौकीदारी का काम करता था। रात करीब 10 बजे वह खाना खाने के बाद काम पर निकला था। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर या उसके आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिव शंकर पुत्र संजय मंडल, निवासी बी–605 जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No. 537/2020 U/S 33 Delhi Excise Act,** अन्तर्गत थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, **दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिव शंकर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिव शंकर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 537/2020 U/S 33 Delhi Excise Act,** अन्तर्गत थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शिव शंकर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री ज्योति नैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07**
**उत्तर, न्यायालय नंबर 06 प्रथम तल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/603/ON/2026 (Court Matter)**

## गणतंत्र दिवस की सुरक्षा तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए विभिन्न एजेंसियों की तैयारी और रिस्पॉन्स टाइम की जांच के लिए उत्तरी जिले के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाली जगहों पर इस महीने चार मॉक ड्रिल अभ्यास किए जा चुके हैं। विभिन्न स्टेकहोल्डर्स/एजेंसियों को बम धमाकों या आतंकवादी हमलों का टास्क दिया गया ताकि उनकी तैयारी और रिस्पॉन्स टाइम की जांच की जा सकें। बुधवार को भी ऐसी ही एक मॉक ड्रिल गोल हट्टी बूथ, खारी बावली, लाहौरी गेट इलाके में आयोजित की गई। डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार उत्तरी जिले के अधिकार क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, ऐतिहासिक स्थान, प्रमुख बाजार शामिल हैं। लाल किला, आईएसबीटी/कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, खारी बावली, सदर बाजार, मेट्रो स्टेशन पर रोज हजारों लोगों का आना जाना हैं। भारी भीड़ के कारण ये स्थान अत्यधिक संवेदनशील माने जाते हैं। आतंकवाद विरोधी उपायों को बढ़ाने और आम जनता को ऐसी आतंकवादी गतिविधियों के दौरान सतर्क रहने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तरी जिले की विभिन्न टीमें लगातार मॉक-ड्रिल अभ्यास कर रही है। 14 जनवरी को भी नकली आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया अभ्यास किया गया। इस अभ्यास के तहत दोपहर 1:25 बजे, गोल हट्टी बूथ, खारी बावली, लाहौरी गेट इलाके के पास बम धमाके के बारे में एक पीसीआर कॉल हुई, जिसमें दो लोग घायल हुये बताये गए।

तुरंत, सभी संबंधित एजेंसियों को घटना स्थल पर पहुंचने के लिए मैसेज भेजा गया। एसएचओ लाहौरी गेट इंस्पेक्टर योगेश्वर सिंह के नेतृत्व में उत्तरी जिला पुलिस की अलग-अलग टीमें, स्वाट, पीसीआर, डीडीएमए, बीएसईएस, कैट्स आदि के स्टाफ के साथ शंकर बनर्जी एसीपी सब-डिवीजन कोतवाली की देखरेख में इस अभ्यास में शामिल हुई।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में गांव जाखन दादी में राजकीय आई.टी.आई. का निर्माण (स्ट्रीट लाइट और सिक्योरिटी लाइट का प्रावधान)। | 13.01.2026 21.01.2026 | 15.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में बहुस्तरीय बेसमेंट पार्किंग में फिनिशिंग का बकाया कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 74.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में बहुस्तरीय बेसमेंट पार्किंग में ट्राईमिक्स कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 115.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में नूह पलवल रोड (कि.मी. 15.75 से 32.00) (एसएच-13) (आईडी 3536) पर 40 मिमी बीसी और 80 मिमी आईपीबी सहित चौड़ा करने के प्रावधान द्वारा एस/आर (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत (एसएच एएनडीएमडीआर) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 21.01.2026 | 398.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में गांव तलाकौर राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण। | 14.01.2026 21.01.2026 | 25.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | रबी सीजन 2025-26 से पूर्व आरडी 0 से 39700 तक गगसीना माइनर की आंतरिक सफाई + 3 कार्य। | 13.01.2026 20.01.2026 | 5.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बिजोपुर, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल (जीडब्ल्यूएम) की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 13.01.2026 20.01.2026 | 239.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज रेवाड़ी | 3 अदद प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट्स (श्रेड्डर, बेलिंग, डस्ट रिमूविंग मशीन) की आपूर्ति। | 15.01.2026 21.01.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | कोहंड ब्लॉक घरौंडा में फिरनी की मरम्मत और पूरा करना। | 12.01.2026 22.01.2026 | 61.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ संरक्षण कार्य के लिए नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 14.01.2026 20.01.2026 | 31.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | खेदड़ : अग्रलिखित हेतु डीएनआईटी I) गांव खेदड़ में जलापूर्ति योजना का अपग्रेडेशन, 2.00 एमएलडी डब्ल्यूटीपी का निर्माण, 600 मिमी आई/डी आरसीसी एनपी2 आई/सी बिछाना, चारदिवारी की मरम्मत, 1 अदद आरसीसी सैंड्स टैंक 175×95×1.22 एम. का निर्माण, 3 अदद आरसीसी सीडब्ल्यूटी 16×10×1.22 एम. प्रत्येक का निर्माण, 335 एम. चारदिवारी का निर्माण, 120 एम. चारदिवारी का विखण्डन, पाइप लाइन बिछाना, क्षतिग्रस्त एच.एच. कनेक्शन की बहाली और नये जल कनेक्शन का प्रावधान II) सीवरेज प्रणाली का प्रावधान, 2.50 एमएलडी एसटीपी, एमपीएस का निर्माण, एसटीपी और एमपीएस पर स्टाफ क्वार्टर 440 वर्गफुट का निर्माण, सिंगल ब्रिक लेयर साइड लाइनिंग तालाब आकार 98×98×3.05 एम. का निर्माण, तालाब तक 350 मिमी आई/डी 20 मी. आरसीसी एनपी3 स्लज पम्प बिछाना, एचडीपीई पाइप 315 मिमी ओ/डी 1750 एम. बिछाना, सीवर लाइन 200 मिमी से 600 मिमी तक बिछाना, ब्रिक मेसनरी मैनहोल, 2 मकानों के कनेक्शन हेतु निरीक्षण चैम्बर समेत चारदिवारी, सीमेंट कंक्रीट पथ और रोड का निर्माण, हाउसहोल्ड सीवरेज कनेक्शन और गली इत्यादि का पुनरोद्धार, पम्पिंग मशीनरी, इलैक्ट्रिकल पैनल, पी/एम का स्पेशल्स, सभी प्रकार से पूर्ण ओ एवं एम और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य"। | 07.01.2026 03.02.2026 | 2786.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-246249 ee2hissar@gmail.com |
| 12 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में सेंट्रल लाइब्रेरी हेतु मेडिकल बुक्स के लिए निविदा। | 16.01.2026 02.02.2026 | 25.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | सीवर मैनहोल, आईपीएस, एमपीएस, सभी प्रकार से पूर्ण एसटीपीएस समेत गली से गली तक जीपीएस एनेबल्ड एप्लीकेशन एआरसीजीआईएस पर हिसार कस्बे के मौजूदा सीवरेज नेटवर्क की मार्किंग और जीआईएस आधारित डिजिटल सर्वे के लिए परामर्शदायी सेवाएं। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 7.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 14 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | हिसार शहर में सुपर सक्कर गाद निकालने की मशीन द्वारा विभिन्न आकार के सीवर लाइंस की सफाई। पी2 | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | 132.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 15 | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य संस्थान हरियाणा | एसआईएचएफडब्ल्यू हरियाणा में कैंटीन और कैफेटेरिया सेवाओं हेतु निविदा। | 15.01.2026 16.02.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 8284802103 admn.sihfwhry@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/340/42089/I/88/7 दि. 15.01.26

नई दिल्ली
शुक्रवार 16 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 274
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21.0
न्यून. 7.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



9 भारत के कई बड़े स्कोर को न्यूजीलैंड ने सफलतापूर्वक किया ध्वस्त




## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का किया उद्घाटन

# हमारा लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष की तरह है जिसकी जड़ें गहरी हैं : मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को संविधान सदन के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन किया।

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रीगण, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारी, सांसदगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि भारत हर वैश्विक मंच पर विकासशील देशों के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है। भारत ने वैश्विक एजेंडा के केंद्र में ▶▶ शेष पेज 8 पर

- पीएम बोले, भारत हर वैश्विक मंच पर विकासशील देशों के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है
- भारत ने वैश्विक एजेंडा के केंद्र में विकासशील देशों की प्राथमिकताओं को रखा : प्रधानमंत्री
- कहा, हमारे यहां वाद-विवाद, संवाद और सामूहिक निर्णय लेने की लंबी परंपरा



### सभी को अपनी बात कहने का अवसर मिले

पीएम मोदी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में अध्यक्ष की भूमिका अद्वितीय होती है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष को बोलने का अधिक अवसर नहीं मिलता, लेकिन उनकी जिम्मेदारी दूसरों की बात सुनने और यह सुनिश्चित करने में निहित है कि सभी को अपनी बात कहने का मौका मिले। उन्होंने इस बात पर बल ▶▶ शेष पेज 8 पर

### केंद्रीय कक्ष में कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए

उन्होंने याद दिलाया कि औपनिवेशिक शासन के अंतिम वर्षों में, जब भारत की स्वतंत्रता निश्चित थी, संविधान सभा ने इसी केंद्रीय कक्ष में संविधान का मसौदा तैयार किया था। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि स्वतंत्रता के बाद 75 वर्षों तक, यह भवन भारत की संसद के रूप में कार्य करता रहा, जहां राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णय और चर्चाएं हुईं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संविधान सदन में सभी विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति भारत के लोकतंत्र के लिए एक अत्यंत विशेष क्षण है।

### भारत विश्व की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

उन्होंने बताया कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, भारत में यूपीआई के माध्यम से विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान प्रणाली है, भारत सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक, दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक, तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परितंत्र, तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार, चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क, सबसे बड़ा दूध उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है।

उन्होंने आगे बताया कि ग्रामीण और स्थानीय सरकारी निकायों में भारत में लगभग 15 लाख निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं, यह जमीनी स्तर के नेताओं का लगभग 50 प्रतिशत है, जो विश्व स्तर पर अद्वितीय है। भारत के लोकतंत्र की तुलना गहरी जड़ों वाले एक विशाल वृक्ष से करते हुए, श्री मोदी ने भारत की वाद-विवाद, संवाद और सामूहिक निर्णय लेने की लंबी परंपरा पर बल दिया और याद दिलाया कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के ▶▶ शेष पेज 8 पर

## लोकसभा अध्यक्ष ने 28वें सीएसपीओसी के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित

# वैश्विक विधानमंडलों के समक्ष उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक विवेक और साझा जिम्मेदारी आवश्यक: बिरला

लोक सभा अध्यक्ष ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु नैतिक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) तथा विश्वसनीय, पारदर्शी और जवाबदेह सोशल मीडिया ढांचे के महत्व पर बल दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) में स्वागत भाषण देते हुए राष्ट्रमंडल के संसदीय मंच की भूमिका पर बल दिया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे मंच विभिन्न देशों के पीठासीन अधिकारियों को वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए एक साथ लाने की विशिष्ट क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व के विधानमंडलों के समक्ष उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक विवेक और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है।

**एआई से कार्यकुशलता में वृद्धि:** बिरला ने समाज और शासन को प्रभावित ▶▶ शेष पेज 8 पर






**खबर संक्षेप**

### प्री-पेड टेलीग्राम टास्क के नाम पर 9 लाख रुपए की ठगी

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर ठगी करने के एक साइबर फ्रॉड मामले में साइबर थाना सेंट्रल



की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-77 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक अंजान नंबर से एक लिंक आया। जिस पर पार्ट-टाइम काम के लिए गूगल मेप्स पर रेटिंग और कमेंट करने के लिए कहा गया। जिस पर क्लिक करते ही वह एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गया। उसने टेलीग्राम प्रीपेड टास्क में विभिन्न ट्रांजेक्सन के जरिए कुल 9,34,000 रुपए निवेश किए, परंतु उसे कोई पैसा वापस नहीं मिला। शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना सैंट्रल कि टीम ने राजीव निवासी जिला जालौन उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

### तीन लाख रुपए की ठगी खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** प्रीपेड टास्क के नाम पर 3,10,000 रुपए की ठगी के



मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने काबू किया है। पुलिस ने बताया कि खेडीपुल वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसने टेलिग्राम पर होटल रिव्यू के नाम पर एक चैनल देखा, जिसमें होटल रिव्यू देकर पैसे कमाने बारे विज्ञापन था। विज्ञापन में प्रीपेड टास्क में पैसा निवेश करने पर मोटा मुनाफा देने के बारे बताया गया था। शिकायतकर्ता ने प्रीपेड टास्क में निवेश के नाम पर ठगों द्वारा बताए गए खातो में कुल 310000 रुपए भेज दिये, जिस संबंध में साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने अजहर खान व जय प्रताप सिंह निवासी आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

---

सुधारात्मक कार्य व जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी

# रोड सेफ्टी माह के अंतर्गत फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण, सुरक्षा कार्य शीघ्र कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रोड सेफ्टी माह के तहत फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि रोड सेफ्टी माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा जेसीबी चौक एलसन चौक एवं ओल्ड फरीदाबाद चौक सहित प्रमुख ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निरीक्षक राजेश कुार इंचार्ज रोड सेफ्टी सेल, निरीक्षक गजेंद्र



आरटीए तथा एनएचएआई से अमित कुमार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान दुर्घटनाओं के संभावित कारणों की पहचान की गई। मौके पर निरीक्षक राजेश कुमार रोड सेफ्टी सेल इंचार्ज, निरीक्षक गजेंद्र आरटीए एवं एनएचएआई अधिकारियों के बीच आपसी चर्चा हुई, जिसमें एनएचएआई को संबंधित सुरक्षा कार्य शीघ्र कराने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए।

विशेष रूप से अनाज मंडी कट पर रेलवे ब्रिज के समीप ग्रिल लगवाने का कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कराया गया, जिससे अनाधिकृत एवं जोखिमपूर्ण क्रॉसिंग को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त अन्य चौकों पर भी आवश्यक सुधार कार्य जैसे रोड मार्किंग, संकेतक, बैरिकेडिंग एवं ट्रैफिक प्रबंधन से जुड़े उपाय करने के निर्देश दिए गए, ताकि ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके। फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाती आ रही है और आगे भी इसी प्रकार के सुधारात्मक कार्य व जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी। फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे सड़क केवल निर्धारित स्थानों, जैसे जेब्रा क्रॉसिंग व फुटओवर ब्रिज से ही पार करें। बीच सड़क से अचानक क्रॉस न करें तथा रेलिंग या डिवाइडर कूदकर सड़क पार करने से बचें। ट्रैफिक सिग्नल का पालन करें, रेड लाइट जंप न करें, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा तेज गति व लापरवाही से ड्राइविंग न करें।

---

पूछताछ के दौरान हुआ बड़ा खुलासा

# एसटीएफ ने रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़ गैंग के गुर्गे को किया काबू, तीन अन्य साथी भी दबोचे

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा एसटीएफ को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सूचना के आधार पर स्पेशल टास्क फोर्स ने एक व्यक्ति को हथियार के साथ काबू किया। जब पूछताछ की गई तो आरोपी की पहचान रोहित गोदारा- गोल्डी बराड़ गैंग के सक्रिय सदस्य रमन के रूप में हुई। रमन के कब्जे से पुलिस को विदेशी हथियार मिले।

आरोपी से पूछताछ के दौरान उसके तीन अन्य साथी लोकेश, बलराज उर्फ बलराम वप रविंद्र सिंह उर्फ रवि को भी काबू कर लिया गया है। एसटीएफ आईजी सतीश बालन ने एसटीएफ मुख्यालय पर पत्रकारों को बताया कि आरोपियों को निसिंग, करनाल थाना क्षेत्र के अवैध हथियार के साथ काबू किया गया जिसका केस निसिंग थाने में दर्ज कराया गया



है। आरोपी रमन व लोकेश को निसिंग से तथा बलराज और रवि को पुंडरी कैथल से काबू किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चार विदेशी हथियार, 8 कारतूस व एक गाड़ी भी बरामद की गई है। प्रारंभिक तौर की जांच में सामने आया कि रमन, बलराज और रवि अमेरिका से अक्टूबर ओर नवंबर माह में फरार होकर भारत पहुंचे। 10 जनवरी को रमन व लोकेश बुलेट प्रूफ गाड़ी में घूम रहे थे जिन्हें काबू किया गया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ है कि आरोपी अमेरिका में रहते हुए गंभीर संगठित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे। आरोपियों ने 23 दिसंबर 2024 को स्टॉकटन, कैलिफोर्निया (अमेरिका) में गैंगस्टर सुनील यादव @ गोलिया की हत्या में भूमिका निभाई थी, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह द्वारा सोशल मीडिया पर ली गई थी।इसके अतिरिक्त, 18 अक्टूबर 2025 को आरोपियों ने साजिश रचकर अमेरिका में कुख्यात गैंगस्टर हैरी बॉक्सर पर फ्रेज़नो, कैलिफोर्निया स्थित एकेएस ट्रक ट्रेलर रिपेयर शॉप, 5400 ब्लॉक साउथ सीडर एवेन्यू पर जानलेवा हमला किया। इस घटना में हैरी बॉक्सर बच गया, एक सहयोगी बनवारी गोदारा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य सहयोगी को गोली लगने से गंभीर चोटें आईं। यह हमला लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के भीतर बढ़ते आंतरिक विभाजन का हिस्सा था।

---

एचपीएससी चेयरमैन का पुतला फूंका

# एचपीएससी में खाली पदों और आरक्षण के मुद्दे पर युवा कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) में पदों को जानबूझकर खाली छोड़े जाने और विशेषकर अनुसूचित जाति (एससी) व पिछड़ा वर्ग (बीसी) की आरक्षित पोस्ट न भरे जाने के मुद्दे को लेकर गुरुवार को हरियाणा युवा कांग्रेस ने सिरसा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी बैठक के बाद बेगू रोड स्थित कांग्रेस भवन के सामने एचपीएससी के चेयरमेन का पुतला फूंका गया और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इससे पहले कांग्रेस भवन में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और युवाओं के रोजगार संबंधी मुद्दे को लेकर चल रहे आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर भर्ती प्रक्रिया को कमजोर कर रही है और पदों को खाली छोड़कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। निशित कटारिया ने कहा कि आज सरकार इस आंदोलन को केवल हरियाणवी बनाम बाहरी के मुद्दे तक सीमित करने की कोशिश कर रही है, जबकि असली और बड़ा मुद्दा यह है कि योग्य उम्मीदवारों के होते हुए भी हजारों पद खाली छोड़े जा रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि एक सोची-समझी नीति है। उन्होंने आरोप लगाया कि सबसे गंभीर स्थिति एससी और बीसी वर्ग की आरक्षित पोस्ट को लेकर है, जिन्हें लगभग शून्य के बराबर भरा गया है। कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार खुद को दलितों और पिछड़ों की हितैषी बताती है, लेकिन हकीकत यह है कि वही सरकार आरक्षण की हत्या कर रही है। जब पद मौजूद हैं, योग्य उम्मीदवार मौजूद हैं, फिर भी नियुक्ति नहीं हो रही, तो इसका सीधा मतलब है कि आरक्षण को कागजों में जिंदा और जमीन पर खत्म किया जा रहा है।

---

आवागमन में सुधार होगा

# गाजियाबाद स्टेशन पर प्लेटफॉर्म का चौड़ीकरण, यात्रियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्लेटफॉर्म चौड़ीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह कार्य तय समयसीमा के भीतर पूरा हुआ है, जिससे स्टेशन पर यात्री आवागमन और सुरक्षा में सुधार होगा। इस परियोजना के तहत प्लेटफॉर्म संख्या 5/6 और 3/4 को चौड़ा किया गया है। प्लेटफॉर्म 5/6 के मध्य भाग में लगभग 4 मीटर और अंतिम हिस्से में करीब 1.5 मीटर की चौड़ाई बढ़ाई



गई है, जो कुल 300 मीटर लंबाई में फैली है। वहीं, प्लेटफॉर्म 3/4 के मध्य भाग में लगभग 4 मीटर और अंतिम हिस्से में करीब 2 मीटर की चौड़ाई बढ़ाई गई है।

---

डीएम को जांच के आदेश आईपीए ने फैसले का किया स्वागत

# आईपीए की शिकायत का असर : एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के उल्लंघन को लेकर बाल आयोग हुआ सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का अनुपालन न होने और बच्चों पर स्कूल बैग के अत्यधिक बोझ को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जिलाधिकारी को जारी नोटिस का इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है। आईपीए के महासचिव महिपाल रावत ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बच्चो और अभिभावकों के हित से जुड़ी हमारी शिकायत की समीक्षा करते हुए आयोग ने पाया कि जिले के अनेकों निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों की जगह प्राइवेट पब्लिशर्स की पुस्तकें पढ़ाई जा रही हैं, जिससे बच्चों के बैग का वजन तय मानकों से कहीं अधिक हो गया है अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है स्कूल बैग के बढ़ते वजन का सीधा असर बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और वे पीठ, गर्दन एवं कंधों के दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं एनसीपीसीआर ने स्पष्ट किया है कि स्कूल बैग नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के अनुरूप ही कक्षा-वार पाठ्यक्रम और समय-सारिणी निर्धारित की जाए तथा केवल एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का ही पालन सुनिश्चित किया जाए।

---

दोनो आरोपी मूल रूप से झारखंड के निवासी

# आपरेशन प्रहारः झारखंड से ला रहे थे 25 लाख की अफीम, महिला समेत दो तस्कर पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ साहिबाबाद

गाजियाबाद व थाना साहिबाबाद की संयुक्त कार्यवाही के दौरान झारखंड से तस्करी कर लाई जा रही अफीम के साथ अन्तर्राज्यीय तस्कर महिला व पुरूष को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2.206 किलोग्राम अफीम बरामद हुई है। जिसकी कीमत 25 लाख रुपए है।

एडीसीपी पीयूष सिंह ने बताया कि स्वाट टीम अपराध शाखा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना साहिबाबाद पुलिस के साथ सयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर थाना साहिबाबाद क्षेत्र में मोहन नगर चौकी क्षेत्र स्थित राजीव कालोनी कट पर झारखंड से तस्करी कर लाई जा रही 2.206 किलोग्राम अफीम सहित 2 अन्तर्राज्यीय तस्कर 1 महिला व 1 पुरूष को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गई है। अफीम तस्करो से बरामद 2.206 किलोग्राम अफीम की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 25 लाख रुपए है। पूछताछ पर अभियुक्त सुनील कुमार व गिरफ्तार महिला अभियुक्ता ने बताया कि दोनो ही मूल रूप से झारखंड के चतरा जिले के रहने वाले हैं । अफीम को झारखंड के सोनू नाम के व्यक्ति से लेकर बस व ट्रेनो से होते हुए तस्करी कर गाजियाबाद आए हुए थे। ये अपने गाँव के



पास ही रहने वाले अफीम तस्कर सोनू के सम्पर्क मे थे और सोनू ने ही सुनील की मुलाकात उसकी सह-अभियुक्ता से कराई थी। ये दोनो अवैध अफीम की तस्करी झारखण्ड से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब व दिल्ली एनसीआर मे जाकर करने लगे इस काम में इनको अधिक फायदा होने लगा। ये अफीम व अन्य नशीले पदार्थ लेकर बरेली, गाजियाबाद, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व एनसीआर में डिमाण्ड के अनुसार सप्लाई करने लगे । अभियुक्तगण ने बताया कि हमें अफीम की जितनी डिमाण्ड मिलती है उतना माल लेकर हम बस व ट्रेनों से बदल-बदल कर आते हैं, जिसको माल देना होता है वो जगह हम लोग पहले ही तय कर लेते हैं कि माल कहाँ और कितने बजे देना है।

---

साइबर थाना सेल की बड़ी कार्रवाई, अब

# निवेश के नाम पर 17.42 लाख रुपए की ठगी, खाता उपलब्ध करवाने वाला धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1742000 रुपए की ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-19 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में महिला ने बताया कि वह गूगल पर शेयर मार्केट में निवेश से संबंधित जानकारी सर्च कर रही थी। इसी दौरान एक लिंक पर क्लिक करने के बाद उसके व्हाट्सएप पर एक संदेश आया, जिसमें उसे नामक ग्रुप जॉइन करने के लिए कहा गया। ग्रुप से जुडऩे के बाद उसको शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। ठगों के कहने पर उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 17,42,000 रुपए





निवेश कर दिए। इसके बाद न तो उसे कोई लाभ मिला और न ही निवेश की गई राशि वापस मिली। इस संबंध में साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने आरोपी रोहित निवासी आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

आरोपी टेलीग्राम पर ठगो को खाता उपलब्ध करवाता था। आरोपी 10वीं पास है मामले में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

---

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी सगे भाई-बहन है

# 35 हजार रुपए की ठगी, महिला सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर थाना बल्लबगढ़ की टीम ने एपीले फाईल भेज कर 35995 रुपए की ठगी करने के एक मामले में केतन व सोनम काल्पनिक नाम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-2 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 8 अगस्त को उसने ब्लिंकिट से कुछ सामान मंगवाया था जिसको वापिस करने के लिये उसने गुगल पर ब्लिंकिट के कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। जिसके बाद उसके व्हॉट्सएप पर एक अंजान नंबर से एपीके फाईल आई, जिसको डाउनलोड करते ही उसके खाता से 35995 रुपए कट गए। जिस संबंध में साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया



गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने केतन व सोनम काल्पनिक नाम निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी सगे भाई-बहन है जिन्होंने अपने नाम पर एक फर्म जय श्री श्याम कॉस्मेटिक लिमिटेड का खाता खुलवाया हुआ था। फर्म के खाते में ठगी के 32996 रुपए आए थे। जिनको माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से महिला को जेल भेजा गया है वहीं केतन को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

---

ईडी की कार्रवाई जारी, पुलिस बल तैनात

# पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह के आवास पर ईडी की रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं दिग्गज गुर्जर नेता महेंद्र प्रताप सिंह और उनके पुत्र एवं बड़खल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह के सैनिक कालोनी स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ छापेमारी की।

छापेमारी की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री के समर्थकों का घर के बाहर जुटने लगे। इस दौरान प्रदेश के फरीदाबाद के पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पलवल के विधायक रहे करण दलाल, पृथला क्षेत्र के विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नीरज शर्मा, प्रदेश कांग्रेस



प्रवक्ता सुमित गौड़, तरूण तेवतिया, विनोद कौशिक, ईंशात कथूरिया, अनीष पाल सहित क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस नेता मौके पर पहुंचे, लेकिन किसी को भी घर के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि बाद में उन्हें जाने दिया गया।

पूर्व मंत्री करण दलाल ने ईडी की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह पूरी कार्रवाई भाजपा सरकार की राजनीतिक दुर्भावना का नतीजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को डराने और दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह के बड़े बेटे विवेक प्रताप घर से बाहर आए और पत्रकारों से बातचीत की। ईडी की टीम कई घंटों से जांच कर रही है, लेकिन अब तक उनके परिवार के खिलाफ कुछ भी ठोस नहीं मिला है। विवेक प्रताप ने भरोसा जताया कि वे पूरी तरह जांच में सहयोग कर रहे हैं और सच्चाई जल्द जनता के सामने आ जाएगी। फिलहाल सैनिक इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और ईडी की कार्रवाई जारी है।

---

# इस्त्री व्यवासियों को सशक्त बनाने को एलपीजी इस्त्री बॉक्स वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

उद्यम व्यापार द्वारा सामुदायिक चर्चा एवं एलपीजी इस्त्री बॉक्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरोजिनी नगर, बल्लभगढ़, मॉडल टाउन, नोएडा और फरीदाबाद से आए इस्त्री व्यापारियों एवं आयरनिंग वेंडर समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक दक्ष आजीविका की ओर उनके परिवर्तन का उत्सव मनाने के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान इस्त्री व्यापारियों को अपने अनुभव साझा करने, चुनौतियों पर चर्चा करने तथा पारंपरिक कोयला आधारित इस्त्री से एलपीजी चालित इस्त्री बॉक्स की ओर रुख करने के लाभों के बारे में जानने का अवसर मिला। यह एलपीजी इस्त्री बॉक्स व्यावसायिक उपयोग के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और दैनिक कार्यों के लिए उपयुक्त हैं। कार्यक्रम में उन



इस्त्री व्यवसायियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो पहले ही एलपीजी अपना चुके हैं, साथ ही उन लोगों ने भी हिस्सा लिया जो इस परिवर्तन पर विचार कर रहे हैं।

---

### 2 वाहन चोर गिरफ्तार,एनआईटी की टीम ने बरामद की चोरी की एक स्कूटी व मोटरसाइकिल

**फरीदाबाद।** अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग मामलों में दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की



एक स्कूटी व मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अगस्त 2025 को थाना कोतवाली में एक स्कूटी चोरी का मामला दर्ज किया गया था जिसमें कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने आरोपी बिकेश निवासी गांव फतेहपुर चंदेला फरीदाबाद को चोरी की स्कूटी सहित सिकरोना नाके से गिरफ्तार किया है।

वहीं अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने थाना कोतवाली में 11 नवंबर 2025 को दर्ज एक मोटरसाईकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए अरुण निवासी सेक्टर 8 फरीदाबाद को लेजर वैली पार्क फरीदाबाद से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।


ALLEN DELHI
3 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
Three SUCCESSFUL Years of Academic Excellence of ALLEN Delhi, built on Trust, Dreams and Hard work!
With 61,000+ Happy Families, our Heartfelt Gratitude to our
Students, Parents, Esteemed Faculties and Admin Team for making this Journey Unforgettable.
CREATING CITY CHAMPIONS
Consistently, for 3 Consecutive Years
AIR 4
DELHI NCT TOPPER
AIR 8
AIR 22
DELHI GIRL TOPPER
AIR 26
AIR 81
AIR 84
MRINAL KISHORE JHA AIIMS, DELHI NEET (UG) 2025
MALAY KEDIA IIT, DELHI JEE Adv. 2023
RISHIKA AGGARWAL AIIMS, DELHI NEET (UG) 2024
VAIBHAV VATSAL IIT, ROORKEE JEE Main. 2025
SHIRIN GUPTA VMMC, DELHI NEET (UG) 2025
SAUMY MALIWAL IIT, DELHI JEE Adv. 2025
NEET (UG) 2025
AIR 4 Mrinal Kishore Jha Classroom Course AIIMS, Delhi
AIR 81 Shirin Gupta Classroom Course VMMC, Delhi
AIR 104 Vivek Kumar Classroom Course AIIMS, Delhi
AIR 105 Sukrit Sharma Classroom Course VMMC, Delhi
AIR 107 Bhavya Jayna Classroom Course MAMC, Delhi
AIR 210 Vansh Kumawat Classroom Course VMMC, Delhi
AIR 364 Ajay Raj Patel Classroom Course AIIMS, Bhopal
JEE (ADV.) 2025
AIR 84 Saumy Maliwal Classroom Course IIT, Delhi
AIR 111 Samriddh Dahiya Classroom Course IIT, Delhi
AIR 128 Parsewar D. Sunil Classroom Course IIT, Bombay
AIR 209 Pratham Jain Classroom Course IIT, Delhi
AIR 220 Ram Singhal Classroom Course IIT, Bombay
AIR 256 Jivansh Gupta Classroom Course IIT, Delhi
AIR 505 Vaibhav Vatsal Classroom Course IIT, Roorkee
INO 2026
77 Selections for INDIAN NATIONAL OLYMPIADS 2026 in Various Subjects
OCSC 2025
09 Selections amongst INDIA'S Top Talent towards International Stage
Remarkable selections from ALLEN Delhi-NCR
ADMISSIONS OPEN
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads
Class 8th to 12th & 12th Pass
CLASS 11th Nurture Course
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.): 25 March
CLASS 12th Enthusiast Course
NEET (UG): | JEE (Main+Adv.): 18 March
CLASS 8th to 10th Pre-Nurture & Career Foundation
Class 8th to 10th: 03 April
Register Today !
for 18 Jan. ALLEN Scholarship Admission Test (ASAT)
and get the dual advantage of Special Fee Benefit* + up to 90% Scholarship*
Valid till: 20 January 2026
SCAN TO REGISTER
*Subject to T&Cs of scholarship, rewards and other fee benefits.
ALLEN DELHI
95136 85900 allen.ac.in/delhi
ALLEN study centres in Delhi-NCR: Dwarka | Faridabad | Ghaziabad-RDC | Ghaziabad-Vasundhara
Gurugram | Janakpuri | Kalu Sarai | Lajpat Nagar | Malviya Nagar | Noida | Greater Noida West | NSP
Preet Vihar | Punjabi Bagh | Rewari
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment for the students to prepare for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examinations. Selection also depends on other factors like preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid and full time classroom course.

रोचक / शिखर चंद जैन

# पट-पट उछलने-कूदने वाला पॉपकॉर्न!





बच्चो, पॉपकॉर्न यानी भुने हुए मकई के दाने। मकई के दाने भूनते समय तुमने देखा होगा, कैसे पट.. पट.. करके उछलते-कूदते हैं। इन्हें देखकर बहुत मजा आता है। ये भूनते समय इस तरह क्यों उछलते-कूदते हैं? इन्हें इस तरह कब से खाए जाने की शुरुआत हुई, इनका क्या है इतिहास, इसका नाम पॉपकॉर्न कैसे पड़ा? पॉपकॉर्न से जुड़ी रोचक जानकारियां।

बच्चो, पॉपकॉर्न एक ऐसा स्नैक्स है, जो टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होता है। हल्की-फुल्की भूख के लिए पॉपकॉर्न एक बेहतरीन ऑप्शन है। तुम्हारा यह पसंदीदा पॉपकॉर्न दुनिया भर में पॉपुलर है। क्या तुम्हें पता है, पॉपकॉर्न की पसंद और इसके हेल्थ बेनिफिट्स को सेलिब्रेट करने के लिए 'पॉपकॉर्न-डे' भी मनाया जाता है। बच्चो, हर साल 19 जनवरी को अमेरिका में 'नेशनल पॉपकॉर्न-डे' मनाया जाता है।

**नया नहीं है पॉपकॉर्न:** कॉर्न (मकई) के एक विशेष प्रकार, जिसका वैज्ञानिक नाम 'जिया मेज एवर्टा' है, से पॉपकॉर्न बनाया जाता है। यह मकई



इस मायने में अलग है कि इसका पेरिकार्प यानी छिलका मोटा होता है। पॉपकॉर्न बनाने की शुरुआत 5000 साल से भी पहले हो चुकी थी। पेरू में 6700 साल पहले भी पॉपकॉर्न खाए जाते थे, इस बात के भी प्रमाण मिले हैं।

**कब हुआ पॉपुलर:** 1885 में चार्ल्स क्रेटर्स द्वारा मोबाइल पॉपिंग कार्ट के आविष्कार के बाद से पॉपकॉर्न पॉपुलर हुआ। इसके बाद से पॉपकॉर्न आसानी से तैयार किए और खरीदे-बेचे जाने लगे। धीरे-धीरे यह बच्चों और बड़े सभी का फेवरेट स्नैक्स बनता गया। खाने के साथ-साथ पेड़-पौधों की सजावट में भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज भी कई जगहों पर क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए पॉपकॉर्न का इस्तेमाल किया जाता है।



**उछलता है इसलिए नाम पड़ा 'पॉप' कॉर्न:** पॉपकॉर्न के दानों में 14 प्रतिशत तक नमी होती है। जब इन दानों को गर्म किया जाता है, तो पानी भाप बन जाता है। यह भाप जब दाने से बाहर आने का प्रयास करती है तो दाना पट-पट की आवाज के साथ उछलता है और फूट जाता है। जिससे ये पॉपकॉर्न बन जाते हैं। फूटते समय पॉपकॉर्न 3 फीट (लगभग 1 मीटर) तक उछल सकता है। इसके उछलने की प्रवृत्ति के कारण ही इसे 'पॉप' कॉर्न कहते हैं।

**तरह-तरह के पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न कई तरह के होते हैं। 'जिया मेज' की लगभग 25 विभिन्न किस्में हैं। इनमें से दो प्रमुख प्रकार हैं-राइस पॉपकॉर्न और पर्ल पॉपकॉर्न। मक्के की यह प्रजाति आमतौर पर छोटी होती है। इसके दाने का आवरण और बाहरी भ्रूणपोष बेहद सख्त होता है।

**दो तरह के मुख्य शेप:** पॉपकॉर्न मुख्य रूप से दो अलग-अलग शेप में फूटते हैं।

**स्नोफ्लेक:** यह आकार में बड़ा और ऊबड़-खाबड़ होता है। मूवी थिएटर में तुम यही पॉपकॉर्न खाते हो। यह दिखने में ज्यादा लगता है।

**मशरूम:** यह गोल और ठोस होता है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब पॉपकॉर्न पर चॉकलेट या कैरेमल की परत चढ़ानी हो, क्योंकि यह आसानी से टूटता नहीं है।

**हेल्दी ब्रेकफास्ट है पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न खाने में मजा तो आता ही है, यह हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है। 19वीं सदी में इसे दूध और चीनी के साथ नाश्ते के रूप में खाया जाता था। आज भी इसे तरह-तरह से खाया जाता है। इसमें भरपूर फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही पॉपकॉर्न, मैंगनीज, फॉस्फोरस और जिंक का अच्छा स्रोत है। इसमें कैलोरी बेहद कम होती है और हार्मफुल ग्लूटेन नहीं पाए जाते। आजकल मल्टीप्लेक्स मूवी थिएटर्स में बड़े-बड़े स्टाइलिश डब्बों में तरह-तरह के मसालों से युक्त पॉपकॉर्न खूब बिकते हैं। *

### दुनिया का सबसे बड़ा पॉपकॉर्न बॉल

**बच्चो,** क्या तुम इमेजिन कर सकते हो कि एक पॉपकॉर्न बॉल कितना बड़ा हो सकता है? अमेरिका के आयोवा राज्य के सैक सिटी में साल 2016 में 9,370 पाउंड (लगभग 4250 किलोग्राम) वजन का पॉपकॉर्न बॉल बनाया गया। यह पॉपकॉर्न बॉल 24 फीट चौड़ी और 8 फीट से ज्यादा ऊंची है। इस पॉपकॉर्न बॉल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है।

### माइक्रोवेव की खोज में मददगार बना पॉपकॉर्न

**बच्चो, एक** इंटरेस्टिंग फैक्ट यह है कि तुम्हारे घर में रखे माइक्रोवेव ओवन का आविष्कार पॉपकॉर्न की वजह से ही हुआ था। साल 1945 में पर्सी स्पेंसर नाम के वैज्ञानिक एक मशीन पर काम कर रहे थे। उन्होंने देखा कि हीट की वजह से उनकी जेब में रखे पॉपकॉर्न के दाने अचानक फूटने लगे। इसी से उन्हें माइक्रोवेव बनाने का आइडिया आया।

पेंगुइन अपनी अनोखी शारीरिक संरचना के लिए जाना जाता है। इनकी ज्यादातर प्रजातियां लुप्त होने की कगार पर हैं। पेंगुइन पर मंडराते खतरे के कारण इनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन अवेयरनेस-डे' मनाया जाता है। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

# अजब-अनूठा पक्षी पेंगुइन

पक्षी जगत

मच्छिंद्र ऐनापुरे



पेंगुइन पक्षी का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में एक प्यारे-से, काले-सफेद रंग का पक्षी आ जाता है, जो बर्फ पर मजेदार ढंग से मटकते हुए चलता है। बच्चो, दुनिया में पेंगुइन की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

**एंपरर पेंगुइन:** यह पेंगुइन की दुनिया का राजा माना जाता है। एंपरर पेंगुइन सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई लगभग 3 फीट 7 इंच होती है। वजन 35 से 40 किलो तक होता है। ये अत्यंत ठंडे इलाके अंटार्कटिका में रहते हैं। एंपरर पेंगुइन शानदार तैराक होते हैं, ये गहरे समुद्र में गोते लगाकर तैरते हैं।



**यलो-आइड पेंगुइन:** यह पेंगुइन न्यूजीलैंड में पाया जाता है। इसकी पीली-पीली आंखें और सिर पर पीली धारियां होती हैं। इसकी शारीरिक विशेषताओं के आधार पर ही इसका नामकरण हुआ है।

**किंग पेंगुइन:** एंपरर पेंगुइन से आकार में थोड़े छोटे और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं-किंग पेंगुइन। इनके सिर के पास पानी की बूंद जैसा पीला निशान होता है। इनमें भी वे सभी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो एंपरर पेंगुइन में होती हैं। ये भी अंटार्कटिका में पाए जाते हैं।

**रॉकहॉपर पेंगुइन:** इनकी आंखों के ऊपर सुंदर-सी भौंहें होती हैं। ये चट्टानों पर उछल-कूद करते हुए चलते हैं। रॉकहॉपर पेंगुइन की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं। पहली, नॉर्दन रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें बड़ी और उभरी हुई होती हैं। दूसरी, सदर्न रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें थोड़ी छोटी होती हैं।

**मैकरॉनी पेंगुइन:** इस पेंगुइन का नाम (खाने वाली डिश मैकरॉनी) बड़ा मजेदार है न! इसका चेहरा काला, चोंच नारंगी और माथे पर पीले रंग की सुंदर कलगी होती है। यही इसकी पहचान है।



**लिटिल पेंगुइन:** नाम जैसा, आकार वैसा! ये दुनिया के सबसे छोटे आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई सिर्फ 12 से 13 इंच तक और वजन करीब 1.2 से 1.3 किलोग्राम तक होता है।

**गैलापैगोस पेंगुइन:** यह दुनिया की इकलौती पेंगुइन प्रजाति है, जो भूमध्य रेखा (इक्वेटर) के पास रहती है। यह गैलापैगोस द्वीप समूह में पाई जाती है।

**अफ्रीकन पेंगुइन:** ये पेंगुइन अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया देशों में पाए जाते हैं। इन पेंगुइन की आंखों के चारों ओर फर नहीं होते और छाती पर काली पट्टी होती है। *



### भारत में भी देखी जा सकती है पेंगुइन

**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि कि पेंगुइन सर्द प्रदेशों/स्थलों में पाया जाने वाला पक्षी है, इसे भारत जैसे गर्म देश में नहीं देखा जा सकता, लेकिन ऐसा नहीं है। तुम अपने देश में भी पेंगुइन को देख सकते हो। मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी संग्रहालय (रानी का बाग) में 18 पेंगुइन देखे जा सकते हैं। ये हंबोल्ट प्रजाति के पेंगुइन हैं, जो मूल रूप से पेरू और चिली से लाए गए हैं। साल 2016 में यहां सिर्फ 8 पेंगुइन थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हो गई है।

कविता / फहीम अहमद

## मखमली धूप

ठिठुर रहे तन को लगती है
मखमल-सी जाड़े की धूप।
धीरे से मन को छू जाती
कोमल-सी जाड़े की धूप।
मीठे गीत सुनाती हमको,
कोयल-सी जाड़े की धूप।

सबके दिल में घर कर जाती
चंचल-सी जाड़े की धूप।
ठिठुरन वाले सन्नाटे में
हलचल-सी जाड़े की धूप।
जब छत पर लेटें तो ओढ़ें
कंबल-सी जाड़े की धूप।
नानी की गोदी, अम्मा के
आंचल-सी जाड़े की धूप।



## बूझो तो जानें





1
भूरा-काला रुई-सा हल्का
मैं नभ में उड़ता जाता।
बरसातों का दूत बनूं मैं
गड़-गड़ गड़-गड़ शोर मचाता।

2
सड़क नहीं, आकाश सवारी
पंख लगे, पर नहीं हूं चिड़िया।
लोगों को सुदूर पहुंचाऊं
वायु भांति मेरी गति बढ़िया।

3
बत्ती नहीं, न कोई तेल
रातों को कर देता जगमग।
ज्यों नींद खुले सूरज की
मैं छुप जाता चलकर डगमग।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.बादल, 2.हवाई जहाज, 3.जुगनू

## जीके क्विज-188



1. दृष्टिबाधित लोगों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई है?
2. भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
3. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?
4. इन दिनों 53वें विश्व पुस्तक मेला का आयेजन किस शहर में किया जा रहा है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन सा है?
7. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन सा है?
10. 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-188 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-187 का उत्तर :** 1.दीप्ति शर्मा, 2. जापान, 3.काम्या कार्तिकेयन, 4.सारनाथ, 5.सी. राजगोपालाचारी, 6.ओडिशा, 7.विटामिन-ए, 8.मुंबई से ठाणे, 9.नाइक्रोम, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-187 का सही उत्तर देने वाले :** गौरव-कोरबा, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, कोमल-रोहतक, शुभम-रायपुर, रौनक-दुर्ग, कमल-बिलासपुर, सुमन-रायगढ़, शिप्रा-महासमुंद



कहानी

हरीश कुमार अमित

मयंक और उसके दादा जी ने एक दिन शर्त लगाई, कौन कितने देर बिना बोले रह सकता है, जो पहले बोलेगा, तय शर्त के अनुसार हर्जाना भरेगा। मयंक को लगा दादा जी शर्त हार गए, जबकि दादा जी को लगा मयंक हारा। लेकिन वास्तव में शर्त कौन जीता?

# लग गई शर्त



मयंक बहुत बातूनी है। लंबी-लंबी बातें करना उसे अच्छा लगता है। थोड़ी देर तक भी बिना बोले रहना उसके लिए मुश्किल है। आज मयंक के स्कूल की छुट्टी थी। वह दादा जी के कमरे में उनके पास बैठा उनसे बातें कर रहा था। बातों-बातों में दादा जी ने मयंक से शर्त लगा ली, कौन ज्यादा देर तक बिना बोले रह सकता है। शर्त के अनुसार उन दोनों में से जो पहले बोलेगा, वह शर्त हार जाएगा। दादा जी ने यह भी कहा कि अगर खुद वे शर्त हार गए तो मयंक को रेस्टोरेंट ले जाकर मसाला डोसा खिलाएंगे। और अगर मयंक शर्त हार गया तो वह पिछले दिनों अपने जन्मदिन पर मिले चॉकलेट के डिब्बे से पांच चॉकलेट दादा जी को देगा।

शर्त लगने के बाद दादा जी और मयंक दोनों एक-दूसरे से इशारों-इशारों में ही बातें करने लगे। घर में उस समय और कोई मौजूद नहीं था। मयंक के मम्मी-पापा कहीं गए हुए थे, उन्हें शाम तक ही घर लौटना था। मयंक को पूरा विश्वास था, वह शर्त जीत जाएगा।

थोड़ी देर बाद दादा जी के मोबाइल फोन पर मयंक के पापा का फोन आया। पापा ने यह बताने के लिए फोन किया था कि वे लोग शाम को आठ बजे तक ही वापस आ पाएंगे। दादा जी ने पापा की बात तो सुन ली, लेकिन खुद जो कहना था, वह टेक्स्ट मैसेज में लिखकर भेज दिया। साथ ही चुप रहने की शर्त के बारे में भी लिख दिया ताकि फोन पर उनके बात न करने के कारण पापा को कुछ अटपटा न लगे। थोड़ी देर बाद मयंक का जी करने लगा कि कुछ बोला जाए, लेकिन शर्त के कारण उसने अपने आपको रोके रखा। कुछ देर बाद अचानक मयंक को दादा जी की आवाज सुनाई दी। दादा जी की आवाज सुनते ही वह जोर से बोल उठा, 'मैं जीत गया! मैं जीत गया!' 'जीत तो मैं गया हूं, बेटा। तुम पहले जो बोल पड़े हो।' दादा जी ने हंसते हुए कहा।

'जीता तो मैं हूं, दादा जी! पहले आपकी आवाज सुनाई दी है!' मयंक ने दादा जी की बात का खंडन किया।

'आवाज से क्या होता है? बोले तो पहले तुम ही हो! इसलिए मैं शर्त जीत गया हूं।' दादा जी ने हंसते हुए जवाब दिया।

'कैसे, दादा जी? पहले आप बोले, तभी तो आपकी आवाज सुनाई दी।' मयंक ने दादा जी को समझाना चाहा।

'लेकिन मैं पहले बोला ही नहीं था। मैंने तो यह वीडियो चलाया था, जिसमें मेरी आवाज है।' कहते हुए दादा जी ने अपने कुर्ते की जेब से अपना मोबाइल फोन निकाल कर वह वीडियो फिर से चला दिया। यह वही वीडियो था, जो मयंक ने उनके फोन पर कुछ दिन पहले बनाया था। इस वीडियो में दादा जी मयंक को एक कहानी सुना रहे थे।

'पर यह तो चीटिंग है, दादा जी!' मयंक ने विरोध जताया।

'इसमें चीटिंग की क्या बात है? तुम्हें मेरी असली आवाज और वीडियो से आ रही आवाज का अंतर समझना चाहिए था।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोले।

दादा जी का यह तर्क सुनकर मयंक जवाब में कुछ न बोल सका। उसने अपनी हार मान ली और चुपचाप एक तरफ बैठ गया।

मयंक का उदास चेहरा देखकर दादा जी कुछ देर सोचते रहे और फिर हंसते हुए बोले, 'बेटा, मैं तो मजाक कर रहा था तुमसे! शर्त तो तुम ही जीत गए हो, क्योंकि मेरी आवाज पहले सुनाई दे गई थी। असल में सुबह से ही मेरा बहुत मन कर रहा था कि तुम्हारे साथ रेस्टोरेंट में जाकर गरमा-गरम मसाला डोसा खाया जाए। इसीलिए मैंने तुम्हारे साथ यह शर्त लगाई थी, और मैं जान-बूझकर शर्त हार भी गया ताकि मसाला डोसा खाने की मेरी इच्छा पूरी हो सके।' दादा जी के मुंह से यह सब सुनकर मयंक मन ही मन बहुत खुश हो गया। दादा जी आगे बोले, 'तुम्हारे मम्मी-पापा को तो कई घंटे बाद घर लौटना है। तब तक हम दोनों चलते हैं रेस्टोरेंट में मसाला डोसे का आनंद उठाने। तुम तैयार हो जाओ फटाफट।'

यह सुनकर मयंक के चेहरे की उदासी मिट गई और वह खुशी-खुशी दादा जी के साथ रेस्टोरेंट जाने के लिए तैयार होने लगा। उसे दादा जी के साथ मसाला डोसे का आनंद जो लेना था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# रोचक-प्रेरक कहानी

बच्चो, दुनिया भर में बच्चों के लिए बहुत अच्छी-अच्छी किताबें लिखी जा रही हैं। ये किताबें तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिए, क्योंकि ये तुम्हारा एक नए प्रकार का मनोरंजन करेंगी। इन किताबों को पढ़कर तुम जानोगे कि दुनिया कितनी मजेदार है, अद्भुत कल्पनाओं और रोमांच से भरी है। ऐसी ही एक किताब है 'स्टोरी ऑफ डॉक्टर डूलिटिल' यानी पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी। यह एक ऐसे डॉक्टर की कहानी है, जो था तो इंसानों का डॉक्टर, लेकिन जानवरों का इलाज करने लगा। यह डॉक्टर जानवरों की बोलियां समझता ही नहीं था, उनके साथ बात भी करता था। यह सब उसे पोलेसेनिया नाम के एक तोते ने सिखाया था। जब डॉक्टर डूलिटिल पशु-पक्षियों से बात करके उनकी समस्याओं को जानकर उनका इलाज करने लगा तो उसके सभी बीमार पशु-पक्षी जल्दी-जल्दी स्वस्थ होने लगे। इस तरह वह डॉक्टर, इंसानों के इलाज के लिए ही नहीं, पशु-पक्षियों के इलाज के लिए भी बहुत मशहूर हो गया। फिर डॉक्टर डूलिटिल को अफ्रीका से एक संदेश मिला कि वहां के बंदरों में एक जानलेवा बीमारी फैली है, जिससे वे तेजी से मर रहे हैं। फिर क्या था, डॉक्टर डूलिटिल अफ्रीका के लिए निकल पड़े। इसके बाद क्या हुआ, यह जानने के लिए बच्चो, तुम्हें इस किताब को पढ़ना होगा। इस किताब के लेखक हैं ह्यु लॉफ्टिंग, जिन्होंने सन 1920 में इसे लिखा था। यह किताब इतनी लोकप्रिय हुई कि डॉक्टर डूलिटिल की एक के बाद एक रोचक कहानियों वाली 12 किताबें प्रकाशित हुईं। इन पर कई फिल्में भी बनीं। दुनिया भर की अनेक भाषाओं में इन किताबों का अनुवाद भी हुआ है। ये किताबें विश्व बाल साहित्य की धरोहर हैं। *





**किताब :** पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी (फैंटेसी उपन्यास), **लेखक :** ह्यु लफ्टिंग, **अनुवाद :** आलोक कुमार, **मूल्य :** 199 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## अंतर बताओ



बच्चो, यहां अपने क्यूट से डॉगी के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सभी छह अंतर खोजकर बताओ-



उत्तर: 1. [illegible] 2.लड़की के दाएं हाथ में ब्रेसलेट पहना हुआ है। 3.लड़की की टी-शर्ट पर फूल बना हुआ है। 4.लड़की का बायां हाथ सीधा हुआ है। 5.डॉगी की आंखें बंद हैं। 6.डॉगी की जीभ अंदर है।

## गिनकर बताओ



बच्चो, यहां दो तरह की मछलियों के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ, किस मछली की संख्या कितनी है?



## सबवे क्षेत्र में भी की गई अस्थायी शरण की व्यवस्था : रेखा

# बेघर लोगों को सर्दी से बचाने के लिए बढ़ाई गई रैन बसेरों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशों का पालन करते हुए सरकार ने कड़ाके की ठंड में बेघर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए अपने आश्रय अभियान को और तेज कर दिया है। एम्स, सफदरजंग और जी. बी. पंत जैसे अस्पतालों के बाहर बेसहारा लोगों को तुरंत मदद पहुंचाई जा रही है। इन इलाकों में रैन बसेरे की संख्या में भी इजाफा किया गया है। साथ ही, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) और शेल्टर मैनेजमेंट एजेंसियां खुले में सो रहे लोगों को लगातार रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं। रैन बसेरों में लोगों के रहने के लिए बिस्तर, तीन समय का खाना, साफ-सफाई और पीने के पानी जैसी जरूरी सुविधाएं मुफ्त दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि विंटर एक्शन प्लान 2025-26 के तहत ठंड से बचाव के लिए राजधानी के संवेदनशील और अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में लगभग 250 अस्थायी 'पगोडा' रैन बसेरे भी स्थापित किए गए हैं। साथ ही, डूसिब द्वारा वर्तमान में पूरी दिल्ली में 197 स्थायी रैन बसेरे दिन-रात चलाए जा रहे हैं, जिनमें सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

- एम्स–सफदरजंग व जी .बी . पंत अस्पताल के आसपास के रैन बसेरों में बेडों की क्षमता बढ़ाकर 350 की गई

मुख्यमंत्री ने बताया कि एम्स-सफदरजंग क्षेत्र में पहले से मौजूद 320 बेड वाले 32 पगोडा रैन बसेरों के अलावा 3 नए पगोडा रैन बसेरे और लगाए गए हैं। इससे इस इलाके में रैन बसेरों की कुल क्षमता बढ़कर 350 बेड हो गई है। उन्होंने बताया कि एम्स और सफदरजंग अस्पताल के आसपास बेघर लोगों की अधिक संख्या को देखते हुए वहां के सबवे क्षेत्र में भी अस्थायी शरण की व्यवस्था की गई। जरूरतमंद लोगों को तुरंत कंबल और बिस्तर उपलब्ध करा जा रहे हैं ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके। विशेष अभियान के तहत एम्स-सफदरजंग क्षेत्र से लगभग 75 बेघर लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके बाद इस क्षेत्र को खुले में सोने वाले लोगों से मुक्त किया गया।

## डीडीए : पहले 24 घंटों में बिके लगभग 60 प्रतिशत फ्लैट, मिला 450 करोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की कर्मयोगी आवास योजना के पहले 24 घंटों में ही लगभग 60 प्रतिशत फ्लैट (बुक) बिक गए। जबकि इस योजना के तहत 14 जनवरी 2026 दोपहर 12 बजे से ऑनलाइन फ्लैट बुकिंग शुरू हुई थी। इस योजना पर डीडीए का दावा है कि कर्मयोगी आवास योजना के तहत पहले 24 घंटों में लगभग 60 प्रतिशत फ्लैट बिक गए, जिससे लोगों का ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला है।

नरेला सब-सिटी में हाल ही में उठाए गए नए कदमों का असर इस योजना के पहले दिन के मजबूत रिस्पॉन्स से साफ देखा जा सकता है। प्रथम दिन ही डीडीए को लगभग 450 करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिल चुका है। डीडीए के अनुसार 1 बीएचके फ्लैट लगभग बिक चुके हैं और 2 बीएचके और 3 बीएचके कैटेगरी में भी अच्छी डिमांड है। कर्मयोगी आवास योजना 2025 में बुकिंग शुरू होने के पहले पहले दिन 684 फ्लैट बिके, जो मकर संक्रांति के शुभ मौके पर हुआ। यह मजबूत बिक्री डीडीए की हाउसिंग पहलों में घर खरीदारों के भरोसे को दिखाती है और नरेला के दिल्ली की एक पसंदीदा और अच्छी तरह से जुड़ी सब सिटी के रूप में उभरने को दिखाती है। यह सब उपराज्यपाल वी के सक्सेना की सीधी देखरेख और मार्गदर्शन में डीडीए द्वारा की गई फोकस्ड प्लानिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और उपायों के जरिए हुआ है।

बता दें कि इस कर्मयोगी आवास योजना 2025 में केंद्र और राज्य सरकारों, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग, पब्लिक सेक्टर बैंकों, लोकल बॉडीज़, ऑटोनॉमस बॉडी और सरकारी यूनिवर्सिटी के सेवारत और रिटायर्ड कर्मचारियों को एक प्लान किए गए रेजिडेंशियल माहौल में अच्छी क्वालिटी के घर खरीदने का एक आकर्षक सीमित समय का मौका मिला है।

## खबर संक्षेप

### ग्रे-लाइन पर मेट्रो ने यात्रियों को किया परेशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की पश्चिमी दिल्ली में द्वारका से नजफगढ़ होते हुए ढांसा बस स्टैंड तक चलने वाली ग्रे लाइन पर 15 जनवरी 2026 को सिग्नलिंग समस्या के कारण ट्रेन सेवाओं में देरी हुई। खराबी के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि सुबह का समय होने के कारण इस लाइन के अधिकांश स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ लग गई। डीएमआरसी ने सुबह करीब 9.15 बजे खराबी से संबंधित जानकारी अपने अधिकृत सोशल मंच एक्स पर पोस्ट कर दी। डीएमआरसी ने यात्रियों को इस देरी के बारे में सूचित किया और बताया कि अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य हैं।

### विश्व पुस्तक मेले में पहली बार लगा निगम के शिक्षा विभाग का स्टॉल

नई दिल्ली। दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में गुरुवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित काउंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन शिक्षा समिति के चेयरमैन योगेश वर्मा, उप-चेयरमैन अमित खड़खड़ी एवं निदेशक शिक्षा निखिल तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विश्व पुस्तक मेले में निगम का स्टॉल पहली बार लगाया गया है, जो निगम शिक्षा विभाग की उपलब्धियों और शैक्षिक नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस स्टॉल के माध्यम से निगम द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों, योजनाओं एवं उपलब्धियों को आम जनता के समक्ष रखा गया है। स्टॉल पर सभी ज़ोन्स में संचालित शैक्षिक पहलों की सैंपल प्रदर्शनी लगाई गई है।

## आज के एनसीसी कैडेट्स ही हैं कल के राष्ट्रनायक : सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- भारतीय सेना दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के बीच पहुंचीं मुख्यमंत्री

आज के एनसीसी कैडेट्स ही कल के राष्ट्रनायक हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश का नेतृत्व करेंगे और हमेशा मातृभूमि की सेवा में समर्पित रहेंगे। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय सेना दिवस के मौके पर दिल्ली कैंट स्थित करिअप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप 2026 के दौरा करने के दौरान कही। इस दौरान उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स की मार्च-पास्ट, ब्रास बैंड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखीं। इसके बाद उन्होंने फ्लैग एरिया का भी दौरा किया, जहां देश के 17 एनसीसी डायरेक्टोरेट्स से आए कैडेट्स ने राष्ट्रीय मूल्यों, नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण पर आधारित प्रदर्शनी लगाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी लंबे समय से युवाओं में अनुशासन, एकता, कर्तव्यबोध और देशभक्ति की भावना का संचार कर रही है। अलग-अलग राज्यों से आए कैडेट्स, अलग भाषा और संस्कृति के बावजूद एक साथ मिलकर भारत की एकता को दिखाते हैं। यही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सच्ची झलक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हॉल ऑफ फेम का दौरा कर एनसीसी के इतिहास, प्रशिक्षण प्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी ली। साथ ही, युवा आपदा मित्र योजना और ड्रोन प्रशिक्षण प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने देशभर से आए एनसीसी कैडेट्स से संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एनसीसी के डायरेक्टर जनरल (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स, वरिष्ठ एनसीसी अधिकारी सहित देशभर से आए एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

## बिना मूल वीडियो के की गई तथाकथित फॉरेंसिक जांच पूरी तरह से गलत : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को नेता विपक्ष आतिशी और पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक झूठ को सच साबित करने के लिए सैकड़ों झूठ बोले जा रहे हैं, लेकिन सच्चाई नहीं बदलेगी। बिना मूल वीडियो, बिना आईटी विशेषज्ञ और बिना वॉयस सैंपल के की गई तथाकथित फॉरेंसिक जांच पूरी तरह से गलत और गुमराह करने वाली है। मंत्री सिरसा ने गुरुवार को प्रैसवार्ता में कहा कि आम आदमी पार्टी का राजनीतिक चरित्र शुरू से ही झूठ पर आधारित रहा है और अरविंद केजरीवाल ने हर वह झूठ बोला जो बोला जा सकता था कि मैं सुरक्षा नहीं लूंगा, मैं सरकारी घर नहीं लूंगा, मैं गाड़ी नहीं लूंगा, मैं हवाई यात्रा नहीं करूंगा, और फिर वही सब कुछ किया। यही आम आदमी पार्टी की राजनीति की सच्चाई है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब आतिशी द्वारा दिल्ली विधानसभा के भीतर गुरु तेग बहादुर जी के संदर्भ में इस्तेमाल किए गए अपमानजनक शब्दों को झूठ, फॉरेंसिक रिपोर्ट की आड़ में छिपाने की कोशिश की जा रही है। सिरसा ने स्पष्ट किया कि यह मामला स्टेट बनाम मेटा का है, न कि उन व्यक्तियों के खिलाफ जिनके सोशल मीडिया अकाउंट्स खंगाले जा रहे हैं।

इसके बावजूद पंजाब पुलिस द्वारा अदालत में कई लोगों के फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स (ट्विटर) अकाउंट्स की सूची पेश की गई, लेकिन किसी को भी पार्टी नहीं बनाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सच सामने लाने का इरादा था, तो आरोप लगाए गए व्यक्तियों को पार्टी क्यों नहीं बनाया गया।

### जालंधर कोर्ट ने भी माना, वीडियो में आतिशी ने गुरु शब्द का नहीं किया प्रयोग : सौरभ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने गुरुओं के अपमान वाले वीडियो पर कहा कि इस संबंध में पंजाब पुलिस ने मामले की जांच की और गुरुवार को पंजाब जालंधर के कोर्ट से जो एक फैसला आया है इसके बाद भारतीय जनता पार्टी को एक झूठा प्रोपेगेंडा चलाने के लिए अपने मंत्री कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त कर देना चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि एक सिख होने के बावजूद मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने जो इतना गलत काम किया है, उसके लिए उन्हें दरबार साहिब में जाकर माफी मांगनी चाहिए। सौरभ ने बताया कि जालंधर के एक कोर्ट की कार्यवाही में फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने यह माना, कि उस वीडियो में गुरु शब्द का प्रयोग किया ही नहीं गया है।

### दिल्ली विधानसभा ने आतिशी को कथित सिख गुरुओं के अपमान पर जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा ने विपक्ष की नेता और आम आदमी पार्टी (आप) विधायक आतिशी को सिख गुरुओं के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में विशेषाधिकार हनन एवं अवमानना की शिकायत पर नोटिस जारी किया है। विधानसभा सचिवालय के सचिव रंजीत सिंह ने आतिशी को पत्र लिखकर 19 जनवरी 2026 तक अपना लिखित बयान प्रस्तुत करने को कहा है। बता दें कि यह विवाद 6 जनवरी 2026 को विधानसभा में हुई घटना से जुड़ा है, जहां सदन में सिख गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत दिवस पर चर्चा के दौरान आतिशी के कथित वक्तव्य से हंगामा हुआ था। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि आतिशी ने गुरुओं के प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने 8 जनवरी को सदन में कहा कि आतिशी ने स्पष्टीकरण नहीं दिया और सत्र में उपस्थित नहीं हुईं, इसलिए मामला विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया।

## एलजी ने डॉक्टर्स और अन्य मेडिकल स्टाफ की 4002 नए पदों को दी मंजूरी, जल्द होगी भर्ती

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के चार बड़े अस्पतालों में मेडिकल स्टाफ की 4002 नए पदों को दी मंजूरी दे दी है। इसके बाद नई भर्तियों के लिए रास्ता साफ हो गया है। जल्द ही इन नए पदों के लिए दिल्ली सरकार भर्ती प्रक्रिया शुरू करेंगी। लोक निवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार के जिन चार प्रमुख अस्पतालों के लिए नए पद सृजन किए गए है उनमें गुरु गोविंद सिंह अस्पताल,डॉ. अंबेडकर अस्पताल , संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल और श्री दादा देव शिशु चिकित्सालय शामिल है। सचिवालय के अनुसार इन पदों लिए दिल्ली सरकार ने प्रस्ताव भेजा था जिन्हें उपराज्यपाल ने मंजूरी प्रदान कर दी है। यह फैसला इन चार अस्पतालों में हाल ही में बढ़ाए गए 1515 नए बेड के चलते बढ़ने वाली क्षमता के अनुरूप लिया गया है। कुल 4002 नए पदों के सृजन में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य मेडिकल एवं पैरामेडिकल कर्मचारी शामिल हैं।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरेंद्र प्रताप पुत्र झुल्लू निवासी 44/2, सराय, पीपल थाला, दिल्ली,** ने **FIR No. 225/2011 U/S 186/353/332 IPC, अन्तर्गत थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरेंद्र प्रताप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरेंद्र प्रताप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 225/2011 U/S 186/353/332 IPC, अन्तर्गत थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरेंद्र प्रताप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.03.2026** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अमर दीप कौर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तर
कमरा नंबर 117
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/683/NW/2026(Court Matter)


## एनसीआरटीसी के एमडी ने किया मेट्रो संग्रहालय का दौरा

**नई दिल्ली।** नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल और उनके अधिकारियों की एक टीम ने दिल्ली मेट्रो म्यूजियम का दौरा किया। इस अवसर पर गोयल ने अत्यंत आधुनिक और वर्ल्ड-क्लास म्यूज़ियम बनाने के लिए डीएमआरसी की खुलकर तारीफ की। जबकि मौके पर मौजूद डीएमआरसी के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुज दयाल ने टीम का दिल्ली मेट्रो म्यूज़ियम में स्वागत करते हुए कहा कि शलभ गोयल व टीम का यहां आना हमारे लिए सम्मान की बात है। दयाल ने खुद शलभ गोयल व उनकी पूरी टीम को म्यूजियम में रखी अलग-अलग चीज़ों और डिस्प्ले के बारे में विस्तार से बताया।






## दिल्ली सरकार हर युवा को हुनर से जोड़ने के लिए है प्रतिबद्ध

# कौशल विकास से समर्थ युवा और समर्थ युवा से होगा सशक्त भारत का निर्माण: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा आयोजित 'समर्थ भारत – विचार गोष्ठी' कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सम्मिलित हुई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि 'कौशल विकास से समर्थ युवा और समर्थ युवा से समर्थ भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि भाऊराव देवरस के सेवा-भाव और राष्ट्र निर्माण से प्रेरित यह संस्थान वर्षों से वंचितों की सेवा तथा सामाजिक समरसता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विकसित भारत के लक्ष्य को प्रत्येक भारतीय की साझा जिम्मेदारी बताया और कहा कि देश की 140 करोड़ की जनसंख्या किसी भी प्रकार से बोझ नहीं, बल्कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि इस शक्ति को कौशल और अवसरों से जोड़ा जाए, तो देश की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः संभव है। उन्होंने बताया कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुनियादी आवश्यकताओं से लेकर राष्ट्रीय विकास तक की यात्रा शुरू हुई, जिनमें शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना, ग्रामीण विद्युतीकरण और शिक्षा सुधार जैसे कार्यों ने मजबूत आधार तैयार किया गया। इसी क्रम में कौशल विकास को भी सरकार की प्राथमिकता बनाया गया।

आईटीआई नेटवर्क का विस्तार, संस्थानों का आधुनिकीकरण और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसी दिशा में बड़े कदम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि अपराध की रोकथाम और सामाजिक सशक्तिकरण का प्रभावी साधन भी है। यदि युवाओं को सही दिशा, प्रशिक्षण और अवसर मिले, तो वे स्वाभिमान के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकते हैं और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। उन्होंने सेवा संस्थाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वास्तविक सेवा किसी व्यक्ति को केवल सहायता देना नहीं, बल्कि उसे आत्मनिर्भर बनाना है। जब समाज और सरकार मिलकर काम करते हैं, तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार युवाओं को कौशल से जोड़ने के लिए निरंतर नए प्रयास कर रही है।

## चिंतन

# अनावश्यक दबाव न बनाएं कानून को काम करने दें

केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अक्सर निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ये एजेंसियां विपक्षी दलों के निशाने पर रही हैं। सर्वोच्च अदालत भी ईडी की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर कर चुकी है। मगर हाल ही में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जो घटना हुई, उसमें न केवल ईडी, बल्कि राज्य सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। केंद्रीय एजेंसी की ओर से एक राजनीतिक परामर्श फर्म के दफ्तर पर छापे के दौरान खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वहां पहुंचकर हस्तक्षेप करना निस्संदेह कई सवाल खड़े करता है। इस घटना को लेकर ईडी और मुख्यमंत्री के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर इस तरह की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। दरअसल, ईडी ने आईपैक मामले में कोलकाता में छापेमारी की थी। इस दौरान राज्य की ममता बनर्जी मौके पर पहुंची और ईडी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कुछ फाइलें अपने साथ ले गईं। अब इस मामले में गंभीरता से विचार करने वाली बात यह है कि क्या कोई मुख्यमंत्री या मंत्री सीधे केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई में हस्तक्षेप कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि आप एक राज्य की मुख्यमंत्री हो सकती हैं, लेकिन कानून से ऊपर नहीं। जांच एजेंसी पर अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता। कोई भी मुख्यमंत्री या मंत्री एजेंसियों की कार्रवाई में बाधा नहीं बन सकता। ममता द्वारा ईडी के अधिकारियों के खिलाफ कोलकाता में दर्ज करवाए गए केस भी किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहे जा सकते। सभी को चाहिए कि कानून को अपना काम करने दें। जांच एजेंसियों पर किसी भी सूरत में अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका देते हुए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को स्थगित कर दिया और ममता बनर्जी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है और इसकी गहन जांच की जानी चाहिए। इस विवाद के कई पहलू हैं। ममता ने ईडी की कार्रवाई को जहां राजनीतिक बदला बताया है, वहीं ईडी ने इसे जांच में बाधा डालने का मामला कहा है। अब यह विवाद संवैधानिक मुद्दा बन गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच अधिकारों का टकराव हो रहा है। इसके गंभीर परिणाम दिखाई देंगे। ईडी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी ने जांच में बाधा डाली है, जबकि ममता बनर्जी ने इसे जांच की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। ईडी का कहना है कि जब देश के उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोग सरेआम जब्त किए गए सबूत छीनते हैं और उनका मीडिया में प्रदर्शन करते हैं, तो यह सीधे तौर पर संविधान और कानून के शासन का अपमान है। इस तरह की घटनाएं जांच एजेंसियों के कामकाज को कमजोर करती हैं और कानून के पालन में बाधा बनती हैं। एजेंसी ने पश्चिम बंगाल पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हुए दावा किया कि बंगाल पुलिस ने एफआईआर के नाम पर उन सीसीटीवी कैमरों को जब्त कर लिया, जिनमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अधिकारियों द्वारा जांच में बाधा डालने की पूरी रिकॉर्डिंग मौजूद थी। एजेंसी ने इसे साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश करार दिया और कहा कि केंद्रीय अधिकारियों को डराने और भविष्य में जांच से रोकने के लिए उनके खिलाफ झूठी और कई एफआईआर दर्ज की जाती हैं, ताकि वे दबाव में आकर अपना काम न कर सकें।

# भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां



इस्लामिक नाटो
कांतिलाल मांडोत

हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

दुनिया की राजनीति इस समय एक गहरे बदलाव के दौर से गुजर रही है। शीत युद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब धीरे-धीरे ढीली पड़ती दिख रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने स्तर पर नए सुरक्षा विकल्प तलाश रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। यह महज तीन देशों की आपसी नजदीकी का मामला नहीं है, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर डालने वाली प्रक्रिया का संकेत भी है। भारत के संदर्भ में यह विषय इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत के अधिकतर इस्लामिक देशों के साथ लंबे समय से कूटनीतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। खाड़ी देशों में करोड़ों भारतीय काम करते हैं और वहां से आने वाला धन भारतीय अर्थव्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ है। अब तक भारत ने इन देशों के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद व्यावहारिक और संतुलित संबंध बनाए रखे हैं।

अगर इस्लामिक देशों का कोई औपचारिक सैन्य संगठन अस्तित्व में आता है तो इस संतुलन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच सितंबर 2025 में हुआ रक्षा समझौता इस पूरी चर्चा की बुनियाद है। इस समझौते में यह प्रावधान रखा गया कि अगर दोनों में से किसी एक देश पर हमला होता है, तो उसे दूसरे देश पर हमला माना जाएगा। यह विचार पश्चिमी सैन्य गठबंधन की तर्ज पर है, जिसमें सामूहिक रक्षा की अवधारणा शामिल होती है। पाकिस्तान की खासियत यह है कि वह इकलौता इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु हथियार है। यही कारण है कि सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के लिए पाकिस्तान का साथ रणनीतिक रूप से आकर्षक बन जाता है। तुर्किये की संभावित भागीदारी इस गठजोड़ को और मजबूत रूप दे सकती है, क्योंकि तुर्किये के पास आधुनिक सैन्य तकनीक, प्रशिक्षित सेना और यूरोप तथा एशिया को जोड़ने वाली भौगोलिक स्थिति है। हालांकि यह भी सच है कि इस्लामिक देशों के बीच एक मजबूत और एकजुट सैन्य संगठन बनाना आसान नहीं है। इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि मुस्लिम देशों ने पहले भी इस तरह की कोशिशें की हैं, लेकिन वे अक्सर कागजों से आगे नहीं बढ़ पाईं। सऊदी अरब की पहल पर बना आतंकवाद विरोधी इस्लामिक सैन्य गठबंधन हो या इस्लामिक सहयोग संगठन के भीतर संयुक्त सुरक्षा बल का प्रस्ताव, ये सभी योजनाएं आपसी मतभेदों और राजनीतिक असहमति के चलते ठंडे बस्ते में चली गईं। शिया और सुन्नी विभाजन, क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा और बाहरी शक्तियों से जुड़े हित इन प्रयासों की सबसे बड़ी बाधा रहे हैं। मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति इस बहस को और जटिल बना देती है। इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। कई इस्लामिक देशों पर हुए



हमलों के बाद अरब दुनिया में यह भावना गहरी हुई है कि उनकी सुरक्षा केवल बाहरी शक्तियों के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। तेल संपन्न खाड़ी देशों के पास धन की कमी नहीं है, लेकिन परमाणु या अत्याधुनिक रणनीतिक हथियारों के मामले में वे कमजोर हैं। ऐसे में पाकिस्तान जैसे देश के साथ खड़ा होना उन्हें एक तरह की सुरक्षा ढाल का एहसास देता है। भारत के लिए यह परिदृश्य चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान लंबे समय से इस्लामिक मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए करता रहा है। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठकों में उठाया जाना और आतंकी घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिशें इसका उदाहरण हैं।

विदेश मामलों के जानकार डॉ. राजन कुमार का मानना है कि भारत कभी नहीं चाहेगा कि इस्लामिक देशों के बीच कोई औपचारिक सैन्य संगठन बने, खासकर तब जब उसमें पाकिस्तान जैसी भूमिका हो। पाकिस्तान का परमाणु दर्जा उसे इस्लामिक दुनिया में एक अलग तरह की हैसियत देता है, जिसका इस्तेमाल वह अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कर सकता है। अगर भविष्य में इस्लामिक नाटो जैसा कोई संगठन बनता है और उसमें सामूहिक रक्षा का सिद्धांत लागू होता है, तो भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी संभावित संघर्ष का दायरा बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित न रहकर बहुपक्षीय रूप ले सकता है। तुर्किये पहले ही कई मौकों पर पाकिस्तान के समर्थन में खुलकर सामने आ चुका है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी कूटनीतिक रणनीति को और व्यापक बनाया है। ग्रीस और साइप्रस जैसे देशों के साथ रक्षा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाना, इजराइल के साथ रिश्तों को और मजबूत करना, और पश्चिम एशिया में संतुलित नीति अपनाना इसी दिशा के कदम हैं। भारत की कोशिश रही है कि वह किसी एक खेमे में बंधने के बजाय सभी के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखे। बदलते हालात में यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

दूसरी ओर, यह भी समझना जरूरी है कि इस्लामिक नाटो की अवधारणा फिलहाल विचार और चर्चा के स्तर पर ही है। दोहा जैसी बैठकों में इसे सिद्धांत रूप में स्वीकार जरूर किया गया है, लेकिन कोई ठोस समयसीमा या स्पष्ट ढांचा सामने नहीं आया है। इस्लामिक देशों के आपसी मतभेद इतने गहरे हैं कि उन्हें एक मंच पर लाना ही बड़ी चुनौती है। मिस्र, जॉर्डन और कतर जैसे देश अभी भी अमेरिका के बड़े सहयोगी हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों की राजनीति और प्राथमिकताएं मध्य पूर्व से काफी अलग हैं। ऐसे में सभी का एकजुट होना आसान नहीं दिखता। फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच बढ़ती सैन्य और रणनीतिक नजदीकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है, जिसमें क्षेत्रीय शक्तियां अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्ते तलाश रही हैं। भारत के लिए यह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि भविष्य की चुनौतियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा, और अवसर इसलिए कि सक्रिय कूटनीति, मजबूत आर्थिक संबंधों और बहुपक्षीय संवाद के जरिए इन बदलावों को संतुलित किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि 'इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपनी रणनीति को समय के साथ ढाले और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

बाल मुकुन्द ओझा



# समाज की जटिल सच्चाई बन गए हैं बिखरते रिश्ते

परिवार के सम्बन्ध में देशभर से मिल रही ख़बरें बेहद चिंताजनक हैं। परिवार को हमारे समाज में सामाजिक और सार्वभौमिक संस्था के रूप में स्वीकारा गया है। अनुशासन, आपसी स्नेह और भाईचारा तथा मर्यादा, परिवार को एक खुशहाल परिवार बना देता है। बुजुर्गों का कहना है जिस परिवार में एकता की भावना होती है, उसी घर में ही सुख-शांति और सम्पन्नता का निवास होता है। यही सामाजिक संस्था आज खंडित होने की स्थिति में है। परिवार और बिखरते रिश्ते आज समाज की एक जटिल सच्चाई बन गए हैं। परिवार की व्यवस्था आज की नहीं है, बल्कि ऋषि-मुनियों की देन है। आज दरकते रिश्तों से परिवार व्यवस्था टूट रही है जो समाज के लिए ठीक नहीं है। आज भी देश और दुनिया, परिवार और संयुक्त परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली बहुत प्राचीन समय से ही विद्यमान रही है। वह भी एक जमाना था, जब भरा-पूरा परिवार हंसता-खेलता और चहकता था और एक-दूसरे से जुड़ा रहता था। बच्चों की किलकारियों से मोहल्ला गूंजता था। पैसे कम होते थे पर उसमे भी बहुत बरकत होती थी। आज परिवार छोटे हो गए हैं और टूटते जा रहे हैं। हमारे रिश्ते बिखरते जा रहे हैं। संयुक्त परिवार की आज के समय में महती आवश्यकता है। संयुक्त परिवारों के अभाव में भाईचारा एवं पारिवारिक वातावरण खत्म होने लगा है। परिवार में रिश्तों की नीरसता और संवादहीनता को दूर करने, परस्पर भाईचारे व तालमेल को बैठाने के लिए रिश्तों में सकारात्मक सोच को बढ़ाने की जरूरत है। परिवार के सभी छोटे हुए बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करें तथा दिनभर घटित होने वाली छोटी-छोटी बातों और दुख-सुख को आपस में बांटें। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 को अंतरराष्ट्रीय परिवार वर्ष घोषित किया था। समूचे संसार में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाने लगा है। आज बहुत से ऐसे परिवार हैं जिन्हें एक-दूसरे से खुलकर बात करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। आज के जमाने में लाइफ स्टाइल कितनी बदल गई है। बच्चे बहुत छोटी उम्र में ही स्कूल जाना शुरू कर देते हैं। बहुत से माता-पिता काम पर चले जाते हैं। जो थोड़ा-बहुत समय वे साथ होते भी हैं, वह भी टीवी-कंप्यूटर या फोन पर चला जाता है। बहुत से परिवारों में बच्चे और माता-पिता अजनबियों की तरह अपनी-अपनी जिंदगी जीते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिजनों से आपस में बात करने में जो खुशी और आनंद मिलता है, उसकी कल्पना शब्दों में नहीं की जा सकती। परिजनों से बात करने का सुख अब विरलों को ही मिल पाता है। इससे तनाव कम होने के साथ विभिन्न पारिवारिक दिक्कतों और समस्याओं का एक ही जाजम पर हाथों हाथ निपटारा हो जाता है। परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है, जो सबको एक साथ जोड़ कर रखता है। अक्सर देखा जाता है परिजन रहते एक छत के नीचे हैं, मगर उनमें आपसी बातचीत नहीं हो पाती है। इससे परिवार में घुटन और तनाव के साथ असुरक्षा का भाव रहता है। यदि एक दिन में एक घंटे भी परिजन साथ बैठकर बातचीत कर लें तो परिवार की खुशियां द्विगुणित हो सकती हैं। हमारा देश भारत, विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। सियासी प्रगति की अंधी दौड़ में हमने दुनिया को अवश्य अपनी मुट्ठी में कर लिया है, मगर परिवार नामक संस्था से विमुख होते जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि देश में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जिसका खामियाजा बच्चे से बुजुर्ग तक को उठाना पड़ रहा है। एक ही परिवार में धीरे-धीरे एक-दूसरे से आपसी बातचीत बंद होने से अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। समय रहते बातचीत का रास्ता नहीं खुला तो तनाव, घुटन और अवसाद का सामना करना पड़ सकता है। बातचीत और आपसी संवाद खुशियों का खजाना हैं जिससे मरहूम होना किसी भी परिवार के लिए संभावित व्याधि को आमंत्रित करना है। महानगरीय संस्कृति ने परिवार व्यवस्था को मटियामेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है फलस्वरूप मानव को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर परिवार विघटित होने से समाज व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित
दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

## जिसका भी मनोबल जागा



संकलित
प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## माघ मेला



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज संगम पर माघ मेला उत्सव के दौरान एक भक्त गुरुवार को सर्दियों की धुंधली सुबह में पूजा करते हुए।

## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या? - *वीरेंद्र पाटिल, भिलाई*

## ट्रेंड

### युवाओं का योगदान



भारत का भविष्य ऐसे युवाओं पर निर्भर है जो वैज्ञानिक सोच रखते हों, ज़िम्मेदारी से कार्य करें और निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। मेरा सभी युवाओं से अनुरोध है कि आप जो भी कार्य चुनें, यह सुनिश्चित करें कि आपका योगदान राष्ट्र को सुदृढ़ बनाएगा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करेगा।
- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना



नारी शक्ति का विकास कहने से नहीं, उन्हें सच्चा प्रतिनिधित्व देने से होगा। हम 'आधी आबादी' अर्थात हर बच्ची, युवती, नारी, महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से समान सम्मान देने के लिए 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' लाएंगे।
- डिंपल यादव, सांसद, सपा

### 'फीता काटने' का इंतजार



जयपुर में आने वाली बसों का ट्रैफिक शहर से बाहर ही रोकने के लिए बनाया हीरापुरा सैटेलाइट बस टर्मिनल पिछले 2 साल से बनकर तैयार है, लेकिन सरकार के 'फीता काटने' के इंतजार में ताला बंद पड़ा है।
- अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### विरासत ध्वस्त



भोंडे सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर आपने बनारस के मणिकर्णिका घाट में बुलडोज़र चलवाकर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करा दिया है। आप चाहते हैं कि इतिहास की हर धरोहर को मिटाकर बस अपना नेम-प्लेट चिपका दिया जाएँ।
-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### वीजा पर लगाई गई रोक, कार्य वीजा व पयर्टन पर लागू नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत ''उच्च-जोखिम' वाले 75 देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर लगाई गई ताजा रोक पर्यटक या कार्य वीजा पर लागू नहीं होती और इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो अमेरिका में स्थायी रूप से रहना चाहते हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ईरान, इराक और रूस सहित 75 देशों के नागरिकों के लिए प्रवासी वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की बुधवार को घोषणा की। उसने कहा कि इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिकी लोगों की कल्याणकारी योजनाओं का 'अस्वीकार्य दरों' पर लाभ लेते हैं। प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती के तहत उठाया गया यह ताजा कदम उन विदेशियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए है जिनके अमेरिका में रहते हुए सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की आशंका है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रवासियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहिए और अमेरिकियों पर वित्तीय बोझ नहीं बनना चाहिए। विदेश मंत्रालय सभी नीतियों, विनियमों और दिशानिर्देशों की पूर्ण समीक्षा कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च-जोखिम वाले इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिका में कल्याणकारी योजनाओं का उपयोग न करें।'



## ऑफ बीट

### चैटजीपीटी को धन्यवाद देना क्या ऊर्जा बर्बाद करना है

यदि आप अगली बार चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द हटा देंगे, तो आप अपने 'पृथ्वी' ग्रह को बचाने में मदद करेंगे। ऑनलाइन बातचीत में कहा जाता है कि चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द का उपयोग न करने का मतलब 'पृथ्वी' को बचाने में मदद करना है। यह विचार सुनने में कुछ हद तक सही लगता है क्योंकि एआई सिस्टम टेक्स्ट को क्रमिक रूप से प्रोसेस करते हैं: लंबा प्रॉम्प्ट अधिक कम्प्यूटेशन मांगता है इसलिए अधिक ऊर्जा खर्च होती है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भी माना है कि अरबों प्रॉम्प्ट के पैमाने पर यह ऑपरेटिंग लागत बढ़ाता है। फिर भी, यह कहना कि एआई को शिष्टाचार के साथ इस्तेमाल करने से पर्यावरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है, सही नहीं है। कुछ अतिरिक्त शब्दों का असर उस ऊर्जा की तुलना में नगण्य है जो डेटा सेंटर के संचालन में लगता है। एआई का वास्तविक पर्यावरणीय प्रभाव कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़े डेटा सेंटर पर निर्भर करती है, जिनमें उच्च-घनत्व कंप्यूटिंग अवसंरचना होती है। ये केंद्र भारी बिजली का उपयोग करते हैं, लगातार ठंडे रखे जाते हैं, और ऊर्जा आपूर्ति, जल और भूमि उपयोग जैसे व्यापक सिस्टम में जुड़े होते हैं।




## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# स्वस्थ्य भारत ही विकसित भारत की नींव, सभी निर्णायक भूमिका निभाएं: उपराष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवा केवल एक सेक्टर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मिशन है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की नींव है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में निजी और सरकारी चिकित्सा संस्थान मिलकर निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

उपराष्ट्रपति ने गुरुवार को कोयंबटूर में दो प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कोवाई मेडिकल सेंटर एंड हॉस्पिटल (केएमसीएच) में इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज़ एवं ओपीडी ब्लॉक तथा केएमसीएच मेडिकल



कॉलेज पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया। इसके बाद वे श्री रामकृष्ण अस्पताल के स्वर्ण जयंती समारोह और रामकृष्ण डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

दोनों समारोहों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये संस्थान गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और करुणा के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय निजी स्वास्थ्य संस्थान सरकार की पहलों को मजबूती प्रदान करते हुए अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार हो रहे हैं।

उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य योजना बन चुकी है, जिससे लगभग 50 करोड़ नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम हुआ है। उन्होंने देशभर में स्थापित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की भी सराहना की, जो प्राथमिक, निवारक, मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धजन देखभाल और गैर-संचारी रोगों के प्रबंधन को सशक्त बना रहे हैं।चिकित्सकों की कमी पर चिंता जताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में एमबीबीएस सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वर्ष 2029 तक 75,000 नई सीटें जोड़ने की योजना है। उन्होंने बताया कि बीते दस वर्षों में देशभर में 300 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं, जिससे चिकित्सा शिक्षा महानगरों से बाहर भी पहुंची है।

केएमसीएच इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज़ के उद्घाटन अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि न्यूरोलॉजिकल रोग वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। उन्होंने उन्नत न्यूरो-नेविगेशन और रोबोटिक सर्जरी सुविधाओं से युक्त इस संस्थान को समयानुकूल और दूरदर्शी पहल बताया।

### लोगों से संवाद भी किया

श्री रामकृष्ण अस्पताल के स्वर्ण जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति ने 2016 में मात्र आठ घंटे में 13,206 अंगदान संकल्प एकत्र कर बनाए गए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की सराहना की। भारतीय सभ्यतागत दृष्टि का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय चिंतन में स्वास्थ्य को सर्वोच्च संपदा माना गया है। उन्होंने दोहराया कि स्वास्थ्य पर किया गया व्यय खर्च नहीं, बल्कि देश के भविष्य में निवेश है। उन्होंने लोगों से संवाद किया और सभी को पोंगल पर्व की शुभकामनाएं भी दीं।

## खबर संक्षेप

### आनंदा डेयरी में छापा मोबाइल-कंप्यूटर जब्त

**बुलंदशहर।** यहां के स्याना नगर के गढ़ मार्ग स्थित आनंदा डेयरी प्लांट पर गुरुवार सुबह सात बजे दिल्ली व उत्तर प्रदेश नंबर की गाड़ियों से आए आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम ने छापा मारा। प्लांट का गेट बंद कर जांच की गई। इस दौरान टीम ने डेयरी से तमाम फाइलों, कंप्यूटर और मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।



### सीबीएसई पत्र लेखन में आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को यूपीयू 2026 अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन स्पर्धा में आवेदन आमंत्रित किया है। प्रथम स्थान वाले छात्र को 50,000 रुपए का पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उत्तम पत्र अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। 'डिजिटल दुनिया में मानवीय जुड़ाव क्यों महत्वपूर्ण है' विषय है।



### मानहानि मामला: वीसी से पेश हुईं कंगना रनौत


**बठिंडा।** भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में बठिंडा की अदालत में अहम सुनवाई हुई। यह मामला 3 कृषि कानूनों के विरोध कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। रनौत वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश हुईं।

## आई- पैक के दफ्तर में ईडी की छापेमारी का मामला

# सुप्रीम कोर्ट से बंगाल सरकार को लगा झटका तो भाजपा ने सीएम ममता पर साधा निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में पिछले हफ्ते आई-पैक के दफ्तर में ईडी की छापेमारी वाले मामले को लेकर गुरुवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को झटका दिया। कोर्ट ने कहा कि बंगाल सरकार जांच एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। भाजपा ने इसके बाद एक बार फिर इस मामले को लेकर टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी पर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि 'ममता बनर्जी को अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है. उन्हें सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। जंगलराज ममता राज जैसा होता है। भाटिया ने कहा कि ईडी, सीबीआई जैसे सेंट्रल एजेंसी को क्या टीएमसी के गुंडे आकर रोकेंगे। ममता सरकार को यह कानून का जोरदार तमाचा है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर रोक लगा दी है।



बंगाल में ममता बनर्जी का नाटक फेल हो गया है।गौरव भाटिया ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसी घटनाओं को रोक नहीं किया तो अराजकता की स्थिति बन जाएगी। ममता बनर्जी की पार्टी का नेता लोगों को मैसेज भेजता है कि हाई कोर्ट पहुंच जाओ, गुंडागर्दी से डराने की कोशिश थी। पश्चिम बंगाल में जंगल राज है, जंगल राज ऐसा होता है जहां मुख्यमंत्री डराती है, पुलिस और प्रशासन गैर कानूनी काम करता है, जंगल राज ऐसा होता है जहां पर कोर्ट में भी सुनवाई नहीं हो पाती।

उन्होंने कहा कि टाइमिंग को लेकर इससे पहले भी सवाल उठाते रहे हैं, लेकिन कहीं से कोई राहत नहीं मिली। यह हैरतअंगेज बात है कि टीएमसी का दफ्तर एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के यहां से चल रहा है। ममता बनर्जी तमाम गोपनीय दस्तावेज प्राइवेट कंपनी की दफ्तर में रखती हैं। ईडी ने गुरुवार (15 जनवरी 2026) को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी जांच में बाधा डाल रही हैं, जिसे कोर्ट ने बेहद गंभीर बताया। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल सरकार, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार और शीर्ष पुलिस अधिकारियों को ईडी की उन याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है, जिनमें आई-पैक परिसर में छापेमारी में बाधा डालने के आरोप में उनके खिलाफ सीबीआई की जांच का अनुरोध किया गया है।

### उपस्थित अधिकारियों को निलंबित किया जाए: एसजी मेहता और राजू





ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान सीएम ममता इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन साथ ले गईं। मेहता और एडिशनल . राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी। ईडी का दावा है कि पुलिस ने एजेंसी के अधिकारियों के मोबाइल फोन तक छीन लिए।

### ईडी तो कोयला घोटाला की जांच कर रही थी...

कोर्ट ने ईडी से पूछा कि वह वहां किस जांच के सिलसिले में गई थी? मेहता ने कहा कि ईडी अवैध कोयला घोटाले की जांच कर रही थी, न कि किसी चुनावी डेटा को जब्त करने। जांच में हवाला चैनल और करीब 20 करोड़ के नकद लेन-देन के सबूत मिले हैं। आई-पैक से जुड़े 10 ठिकानों पर तलाशी ली थी।

### डीजीपी राजीव को निलंबित करें

ईडी ने नई याचिका दायर की है, जिसमें बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार के निलंबन की मांग की गई है। ईडी ने पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है, आरोप लगाते हुए कि उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया।

### ईडी के आरोप गलत, ममता ने बाधा नहीं डाली: सिब्बल

बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने ईडी के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केवल प्रतीक जैन का लैपटॉप और उनका निजी आईफोन लेकर गई थीं, क्योंकि उसमें चुनाव से जुड़ा संवेदनशील डेटा था। सिब्बल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रेड में कोई रुकावट नहीं डाली। कोर्ट ने टिप्पणी की कि अगर ईडी दस्तावेज जब्त करना चाहती, तो वह ऐसा कर सकती थी। कोर्ट ने साफ कहा हमें इस मामले की जांच करनी होगी।



### चुनाव के समय अचानक रेड क्यों?

सिब्बल ने सवाल उठाया कि अगर कोयला घोटाले की जांच पहले से चल रही थी, तो चुनाव के समय रेड क्यों की गई।?इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बंगाल में चुनाव आई-पैक नहीं, बल्कि चुनाव आयोग कराता है।

### याचिका में लगाए गए आरोप गलत: सिंघवी

राज्य सरकार और डीजीपी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट नोटिस जारी करता भी है, तो यह साफ किया जाए कि यह उनकी आपत्ति के अधीन होगा। उन्होंने कहा कि ईडी फोरम शॉपिंग कर रही है, क्योंकि इसी तरह की राहत पहले ही हाईकोर्ट से मांगी जा चुकी है। ईडी की याचिका में लगाए गए आरोप और पंचनामा एक-दूसरे से मेल नहीं खाते।



## मणिकर्णिका घाट के सौंदर्यीकरण पर खड़गे का मोदी सरकार पर तीखा हमला विरासत को किया जा रहा है ध्वस्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वाराणसी स्थित विश्वप्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट के कथित सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि 'सौंदर्यीकरण और रिनोवेशन' के नाम पर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को बुलडोज़र से ध्वस्त किया जा रहा है।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने बयान में आरोप लगाया कि काशी के प्राचीन घाटों को नष्ट कर इतिहास को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है और हर धरोहर पर केवल 'नेम-प्लेट'लगाने की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले काशी विश्वनाथ कॉरिडोर परियोजना के नाम पर कई छोटे-बड़े मंदिर और देवालय तोड़े गए और अब प्राचीन घाटों को निशाना बनाया जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मणिकर्णिका घाट, जिसका उल्लेख गुप्त कालीन ग्रंथों में मिलता है और जिसका पुनरुद्धार लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने करवाया था, एक दुर्लभ ऐतिहासिक धरोहर है। उनके अनुसार, इस घाट को रिनोवेशन के बहाने तोड़ना 'ऐतिहासिक अपराध' है।

खड़गे ने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि विरासत का संरक्षण करते हुए भी साफ़-सफ़ाई और जीर्णोद्धार संभव था, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने संसद परिसर से महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित महान हस्तियों की प्रतिमाओं को हटाए जाने और जलियांवाला बाग मेमोरियल के रिनोवेशन का उदाहरण देते हुए कहा कि इतिहास से जुड़े प्रतीकों को बार-बार नुकसान पहुंचाया गया है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मणिकर्णिका घाट में बुलडोज़र की कार्रवाई के दौरान सैकड़ों वर्ष पुरानी मूर्तियों को तोड़कर मलबे में डाल दिया गया, जबकि उन्हें संग्रहालय में सुरक्षित रखा जा सकता था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि काशी दुनिया का प्राचीनतम शहर है, जो अध्यात्म, संस्कृति, शिक्षा और इतिहास का वैश्विक केंद्र रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जल, जंगल और पहाड़ों के बाद अब सांस्कृतिक विरासत को भी व्यावसायिक हितों के हवाले कर रही है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के पुराने कथन 'माँ गंगा ने बुलाया है' का उल्लेख करते हुए कहा कि आज माँ गंगा और बनारस की आत्मा को भुला दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या घाटों को आम जनता और श्रद्धालुओं की पहुंच से दूर करने की योजना है, जबकि हर वर्ष लाखों लोग काशी मोक्ष की कामना के साथ यहां आते हैं। इस मुद्दे पर सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# संसद में एआई सत्य पर आधारित, नैतिकता से परिसीमित, मानव विवेक द्वारा निर्देशित और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उत्तरदायी होनी चाहिए: हरिवंश सिंह

## राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा के उप सभापति ने विधायिकाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग को आकार देने में मानवों की संस्थागत स्मृति के महत्व को रेखांकित किया। हरिवंश ने इस बात पर बल दिया कि यदि एआई को विधायिकाओं में कार्य हेतु अपनाना है, तो उसे उत्तरदायी, संदर्भगत और भरोसेमंद बनाना होगा। उन्होंने ये अभ्युक्तियां नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन में संसद में एआई के अपनाए जाने पर आयोजित कार्यशाला में व्यक्त कीं। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भारतीय संसद में कुशल कार्यप्रणाली के लिए विकसित किए जा रहे विभिन्न डिजिटल और एआई उपकरणों का भी उल्लेख किया।

एआई के विकास में हाइब्रिड दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, जब कोई मानव किसी नए संगठन में




प्रवेश करता है, तो वह अपने साथ दो आवश्यक गुण लाता है: कौशल और ज्ञान। कौशल अर्जित किए जा सकते हैं, स्थानांतरित किए जा सकते हैं या बाहरी स्रोतों से लिए जा सकते हैं। लेकिन ज्ञान संदर्भगत होता है और संस्था के भीतर गहराई से निहित रहता है। संसदीय ज्ञान विशिष्ट होता है। यह वाद-विवादों, निर्णयों, परंपराओं और संवैधानिक परिपाटियों के माध्यम से दशकों में निर्मित होता है। यही सिद्धांत समान रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर भी लागू होता है।" उन्होंने आगे कहा कि संसदों के लिए उत्तरदायी एआई के विकास में मानवों का संस्थागत ज्ञान महत्वपूर्ण है।

'मानव पर्यवेक्षण और अन्तःक्षेप करने की क्षमता प्रणाली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। संयम के बिना नवाचार जोखिम भरा है, जबकि नवाचार के बिना संयम ठहराव की ओर ले जाता है।' इसलिए, उन्होंने आगे कहा कि संसद को दोनों के बीच एक सावधानीपूर्ण और विचारशील संतुलन बनाए रखना चाहिए।

संसद में पहले से प्रचलित एआई के व्यावहारिक उपयोगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए हरिवंश ने 22 भाषाओं में संसदीय कार्यों से संबंधित दस्तावेजों के अनुवाद, संसदीय वाद-विवादों के विश्लेषण और प्रश्नों की संरचना के लिए मॉडलों के उपयोग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'हमने लगभग 48 हजार शब्दों से युक्त एक संसदीय भाषा शब्दकोश तैयार किया है, जिसे विशेष रूप से संसदीय उपयोग के लिए डिज़ाइन किए गए एक कस्टम एआई मॉडल में एकीकृत किया गया है। इससे आंतरिक उपयोगकर्ताओं के बीच स्वीकार्यता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इसकी सटीकता में सुधार हुआ है। मानव अनुवादक पूरी तरह नियंत्रण में रहते हैं, और एआई एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य कर रहा है।' हालांकि, उन्होंने कहा कि विधायी संदर्भ में 'संसद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता सत्य पर आधारित, नैतिकता से परिसीमित, मानव विवेक द्वारा निर्देशित और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उत्तरदायी होनी चाहिए।'

अपनी अंतिम अभ्युक्तियों में उन्होंने राष्ट्रमंडल देशों के बीच एआई के अनुप्रयोग के संबंध में अधिक संसदीय सहयोग का भी आह्वान किया।

*सनातन संस्कृति का गौरव वैश्विक स्तर पर स्थापित : आचार्य बालकृष्ण*

# पतंजलि विवि में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण पर दिया गया जोर

## पतंजलि में गुणवत्ता व मानकों का शीर्ष प्राधिकरण : सचिन चौधरी

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के तत्वावधान में, अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से अमेरिका की शैक्षणिक शाखा ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड ईस्टर्न शोर के बिजनेस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग विभाग की संयुक्त पहल में 'स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण' पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-17 जनवरी को पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय के सहयोग से सभागार में आयोजित की गई। संगोष्ठी का आयोजन स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण के माध्यम से प्रौद्योगिकी-प्रेरित, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर जन-स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर किया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरि वंदना और श्री चंद्रमोहन व उनकी टीम के समूहगान से हुआ। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन कुलपति प्रो. मयंक कुमार



अग्रवाल ने दिया, तत्पश्चात आचार्य श्री एवं अतिथियों ने सार पुस्तक का लोकार्पण किया। अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. देव शर्मा ने कबीर के दोहे के माध्यम से सेवा और लोककल्याण पर जोर दिया, डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और एआई-सहायित स्मार्ट प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित, प्रभावी और उन्नत चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता रेखांकित की। कार्यक्रम में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि आधुनिक एआई जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है, पर नैतिकता आवश्यक है। उन्होंने सिंक्रोना सिटी, नवाचार, स्टार्टअप्स और पतंजलि द्वारा भारतीय ज्ञान और सनातन मूल्यों के संरक्षण पर भी बल दिया।

# आरक्षण से खिलवाड़ बंद करे हरियाणा सरकार लंबे समय से खाली पद तुरंत भरे: कुमारी सैलजा

## कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को नौकरी देने का वादा तुरंत पूरा करे सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर युवाओं के साथ विश्वासघात करने और आरक्षण विरोधी रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार को सभी भर्तियों में संविधान प्रदत्त आरक्षण नियमों को सख्ती से लागू करते हुए प्रदेश में लंबे समय से खाली पड़े लगभग 2 लाख सरकारी पदों को तुरंत भरना चाहिए।

सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कौशल विकास योजना के अंतर्गत लगभग 1 लाख 20 हजार युवा वर्षों से कार्यरत हैं। सरकार ने इन युवाओं को भविष्य में नियमित सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक न तो उन्हें नियमित किया गया और न ही नियुक्तियों में आरक्षण नियमों का पालन किया गया। यह स्थिति विशेष रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के साथ घोर अन्याय है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में लगभग 2 लाख सरकारी पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, इसके बावजूद सरकार न तो इन पदों को भर रही है और न ही युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध करा रही है। भर्तियों को जानबूझकर लंबित रखकर सरकार आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जो संविधान की भावना के पूरी तरह खिलाफ है। सैलजा ने कहा कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी भाजपा सरकार आरक्षण नियमों की अनदेखी कर रही है। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में हाल ही में पार्ट-टाइम शिक्षकों की भर्तियों में आरक्षण प्रावधानों को दरकिनार किया जाना गंभीर चिंता का विषय है। यह न केवल संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक न्याय की मूल भावना पर भी सीधा प्रहार है।

## गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# शिक्षा को बताया समाज और राष्ट्र की सेवा का साधन

एजेंसी ⏭ अमृतसर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को पंजाब के अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि औपचारिक शिक्षा पूरी करने के बाद छात्र अलग-अलग दिशाओं में अपनी यात्रा शुरू करेंगे। कुछ सरकारी या निजी क्षेत्र में सेवा करेंगे, कुछ उच्च शिक्षा या अनुसंधान करेंगे, जबकि कई अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करेंगे या शिक्षण में अपना भविष्य बनाएंगे। शिक्षा का उपयोग कठिन परिस्थितियों में भी नैतिक मूल्यों, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी का दृढ़ पालन, परिवर्तन को अपनाने का साहस, और आगे बढ़ने का संकल्प का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित के लिए करना है।

**राष्ट्रपति ने कहा- प्रगति को और गति दें**

### छात्र शिक्षा को केवल आजीविका का साधन न बनाएं



राष्ट्रपति मूर्मू

### युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन दें विवि

हाल के वर्षों में पंजाब में मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य, बल्कि समाज के सामाजिक, आर्थिक और नैतिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर रही है। एक स्वस्थ समाज के लिए इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है। इस विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### निस्वार्थ सेवा और जिम्मेदारी को समझें

उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण में अगले दो दशक अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है, जो वैज्ञानिक सोच रखते हैं, जिम्मेदारी से कार्य करते हैं और निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। छात्रों में इन मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया।

### शिक्षा को लोगों के उत्थान का जरिया बनाएं

राष्ट्रपति ने कहा कि ये गुण न केवल उन्हें एक अच्छा पेशेवर बनाएंगे, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाएंगे। उन्होंने छात्रों को याद दिलाया कि शिक्षा केवल जीविका का साधन नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का भी साधन है। उन्होंने कहा कि जिस समाज ने उन्हें शिक्षा प्रदान की है, उसके प्रति वे ऋणी हैं। विकास की राह में पिछड़ चुके लोगों के उत्थान के प्रयास करना इस ऋण को चुकाने का एक तरीका हो सकता है।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने नजमुल को अहम पद से हटाया, बीपीएल के दो मैच स्थगित

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को अपने वित्त समिति के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम को पद से हटाने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने के लिए इस अधिकारी के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। बीसीबी के अहम पद से नजमुल को हटाए जाने के बावजूद बृहस्पतिवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दो मैच स्थगित कर दिए गए। बीपीएल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी बीसीबी निदेशक के पद से नजमुल को तुरंत हटाने की अपनी मांग पर एकजुट थे। अगली सूचना तक बीसीबी अध्यक्ष ही वित्त समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह साफ नहीं है कि नजमुल बीसीबी के निदेशक बने रहेंगे या नहीं।

### नजमुल ने क्या कहा था?

यह विवाद नजमुल के उस बयान के बाद भड़का, जिसमें उन्होंने टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि अगर खिलाड़ी नहीं खेलते हैं तो आर्थिक नुकसान सिर्फ उन्हें ही होगा और बोर्ड इसकी भरपाई नहीं करेगा। इस बयान को मोहम्मद मिथुन ने पूरी तरह अस्वीकार्य बताया और कहा कि इससे खिलाड़ियों की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं।



### तमीम को नजमुल ने बताया भारतीय एजेंट

नजमुल के ये बयान टी-20 विश्व कप के आयोजन स्थल को लेकर भी आए थे। भारत-बांग्लादेश के बीच चल रहे गतिरोध में उनके बयान ने विवाद को और हवा दे दी थी। उन्होंने बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कह दिया था। तमीम ने बोर्ड से अपील की थी कि भारत में होने वाले विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर फैसला लेते समय भावनाओं की बजाय समझदारी से निर्णय लिया जाए।

### मैदान पर नहीं पहुंची दोनों टीमें

विवाद का असर सीधे मैदान पर दिखा। बांग्लादेश प्रीमियर लीग में नोआखली एक्सप्रेस और चटगांव रॉयल्स के बीच होने वाले मैच में टॉस तक नहीं हो पाया। वजह यह थी कि दोनों टीमें मैदान पर ही नहीं आईं। खिलाड़ियों ने साफ शब्दों में कहा था कि जब तक नजमुल इस्लाम इस्तीफा नहीं देते, वे किसी भी तरह का क्रिकेट नहीं खेलेंगे। खिलाड़ियों के इस कड़े रुख के बाद बीसीबी के पास नजमुल को हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

### खिलाड़ियों के लिए बीसीबी का संदेश

बीसीबी ने यह भी साफ किया कि क्रिकेटरों के हित उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। बोर्ड ने कहा कि वह खिलाड़ियों के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही, बीसीबी ने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी इस मुश्किल दौर में भी पेशेवर रवैया अपनाएंगे और बांग्लादेश क्रिकेट की भलाई के लिए खेलना जारी रखेंगे, खासकर बांग्लादेश प्रीमियर लीग में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## टी-20 वर्ल्ड कप : कनाडाई टीम की कमान संभालेगा महज 22 साल का खिलाड़ी

कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम अपने पहले वर्ल्ड कप अनुभव से सीख लेते हुए इस बार बड़ा प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेगी। कनाडा ने 22 साल के दिलप्रीत बाजवा को अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया है। दिलप्रीत ने कनाडा के लिए 17 टी20 मैच खेले हैं और 28.35 के औसत से 397 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 133 से ज्यादा का रहा है। उन्होंने अब तक 4 अर्धशतक लगाने का कारनामा किया है। बल्लेबाजी विभाग में कनाडा के पास आक्रामक बल्लेबाज निकोलस किर्टन मौजूद हैं। उनके साथ लेफ्ट हैंड बल्लेबाज युवराज समरा टीम को मजबूती देंगे, जिनका स्ट्राइक रेट 160.72 है।



### कनाडा का स्क्वॉड

दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), अजयवीर हुंदल, अंश पटेल, डिलन हाइलिगर, हर्ष ठाकर, जसकरनदीप बुट्टर, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, रविंदरपाल सिंह, साद बिन जफर, शिवम शर्मा, श्रेयस मूव्वा, युवराज समरा।

## खबर संक्षेप



### स्टीफंस ने किया ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई

**मेलबर्न।** स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो एक साल पहले मेलबर्न पार्क में शीर्ष रैंक वाली एरिना सबालेंका से पहले दौर में हारने के बाद उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन ने बाएं पैर की चोट से उबरने के बाद सत्र की पहली ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में 1,097वीं रैंकिंग के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने मेलबर्न पार्क में क्वालीफाइंग में लगातार तीन जीत हासिल की और बृहस्पतिवार को तीसरे दौर में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-5 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस 32 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग हासिल की थी।

### अभी सारा ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला पर: डोएशे

**राजकोट।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का कहना है कि अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप अभी 'काफी दूर' है और टीम का ध्यान फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय श्रृंखला पर है जो मेहमान टीम के यहां दूसरा मैच जीतने के बाद 1-1 से बराबर है। गत चैंपियन भारत सात फरवरी से शुरू होने वाले 20 टीम के टी20 विश्व कप की सह मेजबानी करेगा। वे न्यूजीलैंड के साथ एक कड़ी एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं जिसका निर्णायक मैच रविवार को इंदौर में होना है। डोएशे ने उन खिलाड़ियों को 'सुरक्षित' रखने की जरूरत पर जोर दिया जो टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ''आप उन खिलाड़ियों को बचाना चाहते हैं जो टी20 विश्व कप में खेलने वाले हैं और हम इसके बारे में सोच रहे हैं।'' भारतीय टीम के कई खिलाड़ी चोटिल हैं। टी20 विश्व कप टीम में शामिल तिलक वर्मा, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर चोटिल हैं।



### ग्रैंड टूर रोड रेस साइकिलिंग 19 से, धोनी होंगे दूत



**पुणे।** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को बजाज पुणे ग्रैंड टूर का दूत बनाया गया जो देश में पहली बार होने वाली यूसीआई 2.2 वर्ग की 'मल्टी-स्टेज' रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जनवरी तक यहां आयोजित की जाएगी जिसमें 35 देशों की 29 टीम के 171 राइडर हिस्सा ले रहे हैं। पुरुषों के लिए पांच दिन की 'कॉन्टिनेंटल रोड साइकिलिंग रेस' दक्कन पठार और सह्याद्री रेंज में 437 किमी के रास्ते से गुजरेगी जिसमें नुकीले मोड़ और चुनौतीपूर्ण चढ़ाई होगी। धोनी को इस प्रतियोगिता का दूत बनाया गया है।

## डब्ल्यूपीएल: सिवर और ब्रंट ने 65 रन बनाए

# हरलीन का अर्धशतक, मुंबई इंडियंस को हराकर यूपी ने चखा पहली जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई



यूपी वॉरियर्स ने हरलीन देओल (नाबाद 64 रन) के नाबाद अर्धशतक की मदद से बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 11 गेंद रहते सात विकेट से हराकर इस सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। नटाली साइवर ब्रंट (65 रन, दो विकेट) ने अपने चिर परिचित अंदाज में खेलते हुए तेज अर्धशतक जड़ा जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए। हरलीन बुधवार को अच्छी बल्लेबाजी के बावजूद रिटायर्ड आउट हो गई थीं, उन्होंने 39 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े और क्लो ट्रायोन (नाबाद 27 रन) के साथ मिलकर टीम को 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 162 रन तक पहुंचाया जिससे यूपी वॉरियर्स की टीम लगातार तीन हार के बाद चौथे मैच में पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रही। वहीं मुंबई इंडियंस की चार मैच में यह दूसरी हार थी। हरलीन ने इच्छानुसार शॉट लगाए जिसमें शबनीम इस्माइल के एक ओवर में तीन चौके भी शामिल थे। इस भारतीय बल्लेबाज ने 15वें ओवर में ऑफ स्पिनर संस्कृति गुप्ता पर स्वीप शॉट से एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हरलीन ने इसी ओवर में दो चौके और जड़े जिससे टीम को 24 गेंद में 29 रन की दरकार थी। हरलीन ने ट्रायोन के साथ मिलकर बिना किसी परेशानी के जीत सुनिश्चित की। हालांकि यूपी वॉरियर्स के लिए शीर्ष क्रम में परेशानी जारी रही जिसमें कप्तान मेग लैनिंग (25 रन) और किरण नवगिरे (10 रन) तेज शुरूआत नहीं करा सकीं। इससे सात ओवर में यूपी वॉरियर्स का स्कोर दो विकेट पर 50 रन था। लेकिन लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था जिससे हरलीन ने टिककर खेलते हुए टीम को पहली जीत का स्वाद चखाया। हरलीन ने फोबे लिचफील्ड (25 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंद में 73 रन की साझेदारी निभाई। लिचफील्ड के जाने के बाद उन्हें ट्रायोन का अच्छा साथ मिला और दोनों ने 20 गेंद में 44 रन की अटूट भागीदारी की। नटाली साइवर ब्रंट ने दो जबकि अमेलिया केर ने एक विकेट झटका। इससे पहले मुंबई इंडियंस हालांकि धीमी पिच पर पहले 10 ओवर में रन गति नहीं बढ़ा सकी लेकिन नटाली साइवर ब्रंट ने 43 गेंद की पारी के दौरान नौ चौके और एक छक्का लगाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया।

## एक ओवर में डिएंड्रा, स्नेह और दीप्ति ने लुटाए सर्वाधिक रन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के 5वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वारियर्स को 9 विकेट से हरा दिया। यूपीडब्ल्यू से मिले 144 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने 12.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच में यूपी वारियर्स की गेंदबाज डिएंड्रा डॉटिन ने अपने एक ओवर में 32 रन लुटाए। यह डब्ल्यूपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर बन गया। आइए डब्ल्यूपीएल इतिहास के सबसे महंगे ओवरों पर नजर डालते हैं।

### डिएंड्रा डॉटिन: 32 रन बनाम आरसीबी 2026

इस सूची में यूपी वारियर्स की डॉटिन पहले नंबर पर हैं। उन्होंने आरसीबी की पारी के छठे ओवर में कुल 32 रन लुटाए। डॉटिन के इस ओवर में आरसीबी की बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने 3 छक्के और 3 चौके जड़कर कुल बल्ले से 30 रन बनाए। इसी तरह 2 रन नोबॉल और एक वाइड के रूप में आए। इस ओवर के बाद आरसीबी की टीम ने मैच पर पकड़ बना ली और आखिर में 9 विकेट से जीत दर्ज कर ली।





### दीप्ति शर्मा: 28 रन बनाम आरसीबी, 2025

सूची में यूपी वारियर्स की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने डब्ल्यूपीएल 2025 के 18वें मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ एक ओवर में कुल 28 रन खर्च किए थे। इस ओवर में आरसीबी की बल्लेबाज स्नेह राणा ने 2 चौके और 3 छक्के जड़कर कुल 26 रन बनाए थे। इसी तरह एक सिंगल और एक अतिरिक्त रन आया था।

### स्नेह राणा: 32 रन बनाम जायंट्स, 2026

दिल्ली की स्पिनर स्नेह राणा भी पहले पायदान पर हैं। उन्होंने रविवार (11 जनवरी) को गुजरात जायंट्स के खिलाफ पारी का छठा ओवर करते हुए कुल 32 रन खर्च किए। जीजी की सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने इस ओवर में आक्रामक रूख अपनाते हुए पहली 2 गेंदों पर लगातार चौके जड़े और फिर अगली 4 गेंदों पर लगातार छक्के जड़ते हुए कुल 32 रन अपने नाम किए। यह ओवर जीजी की जीत में अहम साबित हुआ।



## बीडब्ल्यूएफ ने आईजी खेल परिसर की समीक्षा की

### कहा विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए फिट है स्थल

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

बैडमिंटन की विश्व संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने इंदिरा गांधी खेल परिसर में सुविधाओं की समीक्षा की है जिसमें इंडिया ओपन का आयोजन हो रहा है और माना कि यह स्थल अगस्त में विश्व चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए सभी जरूरतों को पूरा करता है। इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दिनों में हवा के स्तर, बहुत अधिक ठंड, साफ-सफाई और स्थल पर आवारा जानवरों की मौजूदगी को लेकर शिकायतों का साया रहा। खेलने की स्थितियों की आलोचना के बीच बीडब्ल्यूएफ ने एक विस्तृत बयान जारी किया और उसने इन चिंताओं को स्वीकार किया। उसने इस बात को रेखांकित किया कि आयोजन के दौरान कौन से कदम उठाए गए हैं। विश्व संस्था ने बयान में कहा, ''बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के दौरान खिलाड़ियों और टीम के साथ मिलकर नयी दिल्ली में इंदिरा गांधी खेल परिसर की स्थितियों की समीक्षा की है।'' उसने कहा, ''जो प्रतिक्रिया मिली वो सकारात्मक और रचनात्मक दोनों हैं और ये इस टूर्नामेंट और भविष्य की चैंपियनशिप के लिए सबसे अच्छा माहौल बनाने में बहुत अहम हैं। हम खिलाड़ियों द्वारा साझा की गई प्रतिक्रियाओं और उसके बाद मीडिया कवरेज को भी स्वीकार करते हैं।'' दानिश खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने स्थितियों को 'स्वास्थ्य के लिए खराब' बताया जिससे सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना हुई और तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग उठी क्योंकि अगस्त में इसी परिसर में विश्व चैंपियनशिप का आयोजन होना है। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी राजधानी में खेलने की स्थितियों को लेकर चिंता जताई थी जिसमें बहुत ज्यादा प्रदूषण और ठंड के मौसम से प्रतिभागियों पर असर पड़ रहा था। इन मुद्दों पर बात करते हुए बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि मौसमी कारकों ने चुनौतियां पेश कीं। बयान में कहा गया, ''मुख्य रूप से मौसम की स्थितियों से संबंधित कारकों को प्रबंधित करने ने चुनौतियां पेश कीं जिसमें धुंध और ठंड का मौसम शामिल रहा जो स्थल के अंदर हवा के स्तर और तापमान को प्रभावित कर रहा है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

## कोको और वीनस भिड़ सकती हैं दूसरे दौर में



एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

कोको गॉफ और वीनस विलियम्स रविवार से शुरु हो रहे टेनिस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में आमने सामने हो सकती हैं और यह मुकाबला फिर इतिहास में दर्ज हो सकता है।

पंद्रह साल की गॉफ ने जब ग्रैंड स्लैम में पदार्पण किया था तो उन्होंने विंबलडन में सात बार की मेजर विजेता वीनस को हरा दिया था। गॉफ ने 2019 में ऑल इंग्लैंड क्लब में उस जीत के बाद वीनस को अपने करियर के लिए बड़ी प्रेरणा बनने के लिए धन्यवाद दिया था और कहा था, 'अगर वह नहीं होतीं तो मैं यहां नहीं होती'। इसके बाद गॉफ ने 2020 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर में जीत हासिल की। अब वह तीसरी वरीय और दो बार की मेजर विजेता हैं। वहीं 45 साल की वीनस को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला और वह पांच साल बाद इसमें खेल रही हैं।

### कीज एडीलेड इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में बाहर

एडीलेड। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज बृहस्पतिवार को एडीलेड इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में कनाडा की विक्टोरिया म्बोको से हार गईं। कीज रविवार से ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव करने उतरेंगी और म्बोको ने उन्हें ग्रैंडस्लैम की तैयारी वाले इस टूर्नामेंट में 6-4, 4-6, 6-2 से मात दी। एडीलेड इंटरनेशनल की गत चैंपियन कीज इससे पहले पिछले हफ्ते ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरीना सबालेंका से हार गई थी। कीज ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता था। रविवार से शुरू होने वाले साल के पहले ग्रैंडस्लैम में कीज को पहले दौर में यूक्रेन की ओलेक्सांड्रा ओलिनिकोवा से भिड़ना है। वहीं म्बोको ऑस्ट्रेलिया की एमर्सन जोन्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## नीरज ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रम रवाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने अपने चुने हुए स्थल दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में सत्र पूर्व ट्रेनिंग शुरू कर दी है। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने नए कोच जय चौधरी के साथ उनके 32 दिवसीय शिविर को मंजूरी दे दी है। नीरज ने पिछले हफ्ते चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी से कोच के तौर पर अलग होने का फैसला किया और चौधरी के साथ जुड़ने का फैसला किया जो उनके शुरुआती कोच थे। ज्ञात हो कि कोर समूह के खिलाड़ियों की संख्या अभी 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं।



### पांच फरवरी तक रहेंगे ट्रेनिंग स्थल पर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के एक सूत्र ने बताया कि यह 28 वर्षीय खिलाड़ी पांच फरवरी तक पोटचेफस्ट्रूम में रहेगा जो दुनिया भर के भाला फेंक के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख ट्रेनिंग स्थल है और उनके लिए कुल स्वीकृत सहायता राशि 11 लाख 80 हजार रुपये है। ट्रेनिंग शिविर में नीरज की सहयोगी टीम में लंबे समय से उनके फिजियोथेरेपिस्ट इशान मारवाहा भी शामिल हैं।

## विजय हजारे ट्रॉफी: सेमीफाइनल में आज पंजाब और सौराष्ट्र के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

आखिरी ग्रुप मैच में मुंबई की मजबूत टीम पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल करने के बाद पंजाब आज शुक्रवार को यहां सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी सेमीफाइनल में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। उस रोमांचक जीत ने पंजाब को जिस तरह का आत्मविश्वास दिया वह क्वार्टर फाइनल में टीम की मध्य प्रदेश के खिलाफ एकतरफा जीत में दिखा। अब एक युवा और प्रतिबद्ध सौराष्ट्र की टीम उसके रास्ते में खड़ी है। मैच दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा।

**पंजाब की कप्तानी करेंगे प्रभसिमरन**

करिश्माई भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खेलने की संभावना कम है इसलिए विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के पंजाब की कप्तानी करने की उम्मीद है। उनकी अगुआई में पंजाब ने 345 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 183 रन से हराया। पंजाब की टीम कप्तान प्रभसिमरन के अनुभव पर निर्भर करेगी जो चार अर्धशतक के साथ टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।



## रोमांचक मैचों में हासिल किए सबसे बड़े लक्ष्य

# भारत के कई बड़े स्कोर को न्यूजीलैंड ने सफलतापूर्वक किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम को 7 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल की। राजकोट में खेले गए इस मैच में न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस बीच भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड द्वारा सफलतापूर्वक हासिल किए गए सबसे बड़े लक्ष्यों के बारे में जानते हैं।

### 2020 में हैमिल्टन का मुकाबला

भारत को 2020 में हैमिल्टन में खेले गए सीरीज के पहले वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट से हार मिली थी। उस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों के बाद 347/4 का स्कोर बनाया था। मेहमान टीम से श्रेयस अय्यर ने शतक (103) लगाया था। जवाब में मेजबान टीम ने 48.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था, जिसमें रॉस टेलर का शतक (109*) शामिल था।



### 2022 में ऑकलैंड मैच

न्यूजीलैंड ने 2022 में ऑकलैंड वनडे में जीत के लिए मिले 307 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाए थे। मेहमान टीम से अय्यर (80), शिखर धवन (72) और शुभमन गिल (72) ने अर्धशतक लगाए थे। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम से टॉम लैथम ने 104 गेंदों में नाबाद 145 रन बनाए थे।

### 2020 में माउंट माउंगानुई मैच

2020 में माउंट माउंगानुई में हुए वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को 5 विकेट से हराया था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296/7 का स्कोर बनाया था। भारत से केएल राहुल ने 113 गेंदों में 112 रन बनाए थे। अपनी शतकीय पारी में उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के लगाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्टिन गुप्टिल (66) और हेनरी निकोलस (80) ने अर्धशतक लगाए थे।

### 2026 में राजकोट मैच

राजकोट वनडे में शुभमन गिल ने अर्धशतक (54) लगाया। वहीं, रोहित शर्मा (24) और विराट कोहली (23) अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। मध्यक्रम में केएल राहुल (112*) ने शतक लगाकर टीम को 284/7 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में न्यूजीलैंड से निकोलस (10) और डेवोन कॉनवे (16) सस्ते में आउट हुए। इसके बाद यंग (87) और डेरिल मिचेल (131*) ने बड़ी पारियां खेलते हुए जीत में अहम योगदान दिया। ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 32 रन बनाए।





रक्षा मंत्री ने 78वें सेनादिवस के मौके पर जयपुर में आयोजित किए गए एक समारोह को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी है

# आतंकी विचारधारा के पूर्ण खात्मे तक जारी रहेंगे भारत के शांति प्रयासः राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को 78वें सेनादिवस के अवसर पर पाकिस्तान से लगी पश्चिमी-सीमा से सटे देश के एक महत्वपूर्ण राज्य राजस्थान की राजधानी जयपुर से दुश्मन को दो टूक अंदाज में संदेश देते हुए कहा कि भारत के शांति प्रयास तब तक चलते रहेंगे। जब तक आतंकी विचारधारा पूरी तरह से खत्म नहीं हो जाती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया और कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच किया गया भारत का यह सैन्य अभियान भारत की एक संतुलित सैन्य प्रतिक्रिया थी।

जो देश के साहस, ताकत और प्रतिरोध के अलावा राष्ट्रीय चरित्र का भी प्रतीक है। अभियान के दौरान हमने आतंकवादियों के खिलाफ सावधानीपूर्वक आकलन के साथ कार्रवाई की थी। जिसमें मानवीय मूल्यों का खासतौर पर ध्यान रखा गया था। इस वर्ष सेना ने जयपुर में सेनादिवस से जुड़े समारोह का आयोजन किया था।

जिसमें रक्षा मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके अलावा राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मिजोरम के राज्यपाल विजय कुमार सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, बल की संबंधित सैन्य कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, कई पूर्व सैन्यकर्मी और आमजन मौजूद रहे।



## इसलिए मनाया जाता है सेनादिवस

15 अगस्त 1947 को भारत की आजादी के बाद जो सैन्य दस्ता देश में मौजूद था। उसमें तैनात सैन्यकर्मी ब्रिटिश सेना का हिस्सा थे। लेकिन जब 15 जनवरी 1949 को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा आजाद भारत के पहले सेनाप्रमुख बनें। तभी से हर साल 15 जनवरी को सेनादिवस के रूप में मनाया जाता है।

फील्ड मार्शल करियप्पा को ब्रिटिश सैन्य अधिकारी कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर द्वारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। करियप्पा ने ही 1947 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुई पहली लड़ाई में भारतीय सेना का बतौर सेनाप्रमुख के रूप में नेतृत्व किया था। उस वक्त सेना में कुल सैनिकों की संख्या 2 लाख के करीब थी।

## मुश्किल हालात में सैनिकों ने दिखाई वीरता

उन्होंने कहा, आतंकवादियों ने कभी भी अपने खिलाफ भारतीय सशस्त्र सेनाओं की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर में की गई तीव्र कार्रवाई और वीरता व साहस के प्रदर्शन की उम्मीद नहीं की होगी। लेकिन यह हमारे जवान ही थे। जिन्होंने अपनी बहादुरी और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मन को कोई गड़बड़ी नहीं करने दी। परिस्थिति जटिल थी और उस पर दबाव भी था। लेकिन जवानों द्वारा प्रदर्शित किया गया प्रतिरोध, एकता और धैर्य ने इस अभियान को असाधारण और सराहनीय बना दिया है। हालांकि मैं ये भी साफ कर देना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। यह पहले की तरह जस का तस चल रहा है। समारोह से इतर रक्षा मंत्री ने जवानों से भी मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया।

## स्वदेशी हथियारों के इस्तेमाल पर दिया जोर

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में अभियान के दौरान प्रयोग किए गए स्वदेशी हथियारों का उल्लेख करते हुए कहा, इससे यह पता चलता है कि आत्मनिर्भरता केवल एक गर्व करने की बात नहीं है। बल्कि यह एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भरता के लंबे रास्ते की ओर आगे बढ़ गया है। जिसमें सशस्त्र सेनाएं अग्रणी भूमिका में हैं और इस प्रयास में सराहनीय योगदान भी दे रही हैं। अभियान को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयास जारी हैं। युद्ध के विस्तार के साथ तेजी से बदलते परिदृश्य के बीच रक्षा मंत्री ने अंतर-सेवाओं के बीच संबंधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सशस्त्र सेनाओं को स्वदेशी और स्टेट ऑफ द आर्ट हथियारों, प्लेटफॉर्म और सैन्य उपकरणों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महल रोड पर निकाली भव्य परेड

सेनादिवस का इस वर्ष का मुख्य आकर्षण रहा बल द्वारा जयपुर के महल रोड़ पर अपनी युद्धक सामग्री के साथ निकाली गई भव्य परेड। ये पहला मौका था जब सेना ने अपनी छावनी से बाहर इस तरह का आयोजन किया और उसमें भी बड़ी तादाद में स्वदेशी अस्त्र-शस्त्रों का बखूबी प्रदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन को धूल चटाने वाले हथियारों (ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम) के साथ नेपाल आर्मी का एक बैंड भी सेना की परेड में शामिल हुआ। प्रदर्शनी में भीष्म, अर्जुन टैंक, के-9 वज्र, धनुष तोप, पिनाका रॉकेट लॉंचर सिस्टम, उन्नत वायु रक्षा प्रणाली शिल्का, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, नाग मिसाइल, ब्रह्मोस मिसाइल और बख्तरबंद वाहनों को शामिल किया गया। सेना के मूक योद्धाओं के रूप में डॉग स्क्वॉड भी परेड में शामिल हुए। एक दर्जन से अधिक प्रकार के ड्रोन, 3 तरह जैमर भी परेड समारोह की प्रदर्शनी का हिस्सा बनें।

प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25 से 27 जनवरी तक करेंगे भारत की यात्रा

# गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे यूरोपीय परिषद और आयोग के अध्यक्ष





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस बार 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित किए जाने वाले 77वें भव्य गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शिरकत करेंगे। यूरोप के दोनों शीर्ष नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। जिसके लिए दोनों 25 से 27 जनवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

## भारत-ईयू सम्मेलन की करेंगे सह-अध्यक्षता

मंत्रालय ने बताया कि अपनी भारत यात्रा के दौरान यूरोप के यह दोनों दिग्गज नेता 27 जनवरी को आयोजित किए जाने वाले 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। साथ ही उनकी महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात होगी। प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में भी एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल होंगी। वहीं, भारत-ईयू सम्मेलन से इतर दोनों पक्षों के बीच एक व्यापार मंच के एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा सकता है। भारत और यूरोपीय आयोग वर्ष 2004 से सामरिक भागीदार हैं। दोनों के बीच पिछला सम्मेलन 15 जुलाई 2020 को वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया था।

## मजबूत होगी सामरिक भागीदारी

द्विपक्षीय संबंधों की अगर बात करें तो भारत और ईयू के बीच विभिन्न क्षेत्रों में संबंध और अधिक विस्तार के साथ गहरे हुए हैं। खासकर पिछले साल फरवरी-2025 में की गई ईयू कॉलेज के अध्यक्षों की ऐतिहासिक भारत यात्रा का इसमें अहम योगदान रहा है। मौजूदा दौर में 77 वें गणतंत्र दिवस के महत्वपूर्ण आयोजन और भारत-ईयू सम्मेलन में दोनों यूरोपीय नेताओं की भागीदारी से सामरिक भागीदारी को और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही साझा हितों से जुड़े हुए प्राथमिकता वाले मुद्दों में भी सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।





*Best-in-class power in Air/Oil cooled 160cc class | #Finance at the sole discretion of the financier | ^Ex-showroom price of Apache RTR 160 Black Edition | ^^Bonus up to ₹ 4000 with TVSCS-T&C Apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com Authorised Main Dealers: EAST DELHI: **BINSAR TVS**: Durgapuri: 9821271880 Khajuri: 9821258420 Sonia Vihar: 9821260573 Mandoli Extn.: 9821260735 Sherpur Chowk: 8527348216 Zero Pusta, Shastri Park: 9821267418 **Bajwa TVS**: Krishna Nagar: 8527320253 Geeta Colony: 8527320841 **SD TVS**: Dilshad Garden: 9821272498 Main pusta road, Gandhi Nagar: 9821268264 **G. K. TVS**: Laxmi Nagar: 9821271831 Mayur Vihar Phase-3: 6366448953 Madhu Vihar: 9821259935 New Ashok Nagar: 6366448954 NORTH DELHI: **MCR TVS:** Saraswati Vihar: 9821266109 Mangolpuri: 9821275868 Ranibagh: 9821274695 Narela: 9821275636 Kirari: 9821274603 Bawana: 9821276084 Karala: 9821276104 **Sabharwal TVS**: Rithala: 9821259732 Budh Vihar: 9821259748 **MOISSANITE TVS**, Azadpur: 7600260222 Skyline TVS: Jahangir Puri: 9218039220 **Balaji TVS**, Samaypur Badli: 9312001120 Burari: 9218024668. **SOUTH DELHI: OM TVS**: Lajpat Nagar: 9821272463 Okhla Industrial Area Phase: 9821261765 Badarpur, Jaitpur: 9821263038 Pulpraladpur: 9821264982 Shine Bagh: 9821266451 **Ahinsha TVS**: Khanpur: 9821271221 Adchini: 9821268018 Aaya Nagar: 9821267931 Chhatarpur: 9821268194 Mahipalpur: 9821269602 Main railway road: 9311299301 **RIDE TVS**: Bikaji Cama Place: 011 41706608/ 9582890607 **K K TVS**: Kapashera: 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: Shastri Nagar: 9821271672 Roshanara Road: 9870326061 Shahzadabagh: 6366448959 **Sabharwal TVS**: Karol Bagh: 9821258099 Tilak Nagar: 8527129911 **YM TVS**: Dariyaganj: 9999388189 YM TVS Malkaganj: 9319391003. **WEST DELHI:** Subhash Nagar: 9821276304 Nawada: 9821276377 Dabri More: 9821254451 Outer Ring Road, Vikas Puri: 9821255645 **Dynamic TVS**: Dwarka: 9821271426 Palam: 9870327342 Ramphal Chowk: Sec-7: 9870327413 Uttam Nagar: 9870327453 **K K TVS**: Nangloi: 9821271618 Vikas Nagar: Ranhola: 9821258480 Tikri Kalan: 9821259539 Chanchal Park: 6366448946 **Akhand TVS**: Najafgarh: 8506999405 **Sabharwal TVS**: Peeragarhi: 9821271826 Rama Road: 9870328586 Raja Garden: 9821259328 **OM TVS**, Neelam Bata Road: Faridabad: 8928858523 **YM Dabri**: 7303114666. **Faridabad:** Sohan TVS, NIT: 9211551530. Uttam TVS, Near DPS School, Old Faridabad: 9560086699. Shivram TVS, Neelam Bata Road: 8928858523. Royal TVS: NIT-5: 9870192424, 9355111370. **Ballabhgarh**: Royal TVS, Sec. 5, Ph: 9870192424, 9899242536. **Gurugram:** Choudhary TVS, Old Delhi Road: 8929592511. Simran TVS, Opp. Maruti Udyog Limited, Old Delhi Road: 8743818888. Simran TVS, Sec. 10A, Khandsa Road: 8743042042. B.D. TVS, Sector 66, Sohna Road, Badshahpur: 9717061545, 9958059545. Ahinsha TVS, Main Railway Road: 9311299301. Hayatpur: 9355036372, 9319965702 Palwal: Vardhman TVS: 8929592514. Sri Bhagwan Automobiles Pvt Ltd, Basai Road, 8652876426, Wazirabad: 9821269360, 8929612365.


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109